अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित
वर्ष : 15 अंक 239 लखनऊ, बुधवार, 18 मार्च 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## धर्मस्थलों के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था हुई सशक्त : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मुख्यमंत्री योगी ने कैलाश मानसरोवर के यात्रियों को वितरित की 5.5 करोड़ रुपये की सहायता राशि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैलाश मानसरोवर के 555 तीर्थ यात्रियों को एक-एक लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की। यह सभी श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर की यात्रा करके वापस आए हैं।

दरअसल, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मानसरोवर यात्रा को बढ़ावा देने के लिए पर यात्रियों उनके खर्च होने वाली राशि में से एक लाख रुपये का अनुदान दे रही है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मारसरोवर की यात्रा कर चुकने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में प्राचीन समय से ही यात्रा पर लोग जाते हैं। यह यात्राएं समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए मददगार रही हैं। इससे लोगों को रोजगार मिलता है। याद कीजिये जब आदि शंकर ने केरल से निकलकर देश के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना की। तब एक सरकार नहीं थी। तमाम राजा रजवाड़े थे, लेकिन सांस्कृतिक रूप से पूरा देश एक था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2025 में 164 करोड़ श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की धरती पर आए। इसमें 66 करोड़ केवल प्रयागराज महाकुंभ में आए। इसके साथ ही वाराणसी, अयोध्या, मथुरा जैसे क्षेत्रों में श्रद्धालुजनों का आगमन हुआ। यह एक चुनौती भी है। यह चुनौती के साथ



अवसर भी होता है। सरकार अपने स्तर पर प्रयास करती है कि उन्हें अच्छी सुविधा दिया जा सके। कैलाश मानसरोवर की यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें दूसरे देश के संपर्क में आना होता है। उनके व्यवहार को हम सब जानते हैं। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी हमारी आस्था भारी पड़ती है। देवाधिदेव महादेव का दर्शन करते हैं। डबल इंजन की सरकार का पूरा फोकस इस बात को लेकर है कि इस क्षेत्र में जो भी संभावनाएं हैं, उसे हम तेजी से आगे बढ़ा सकें। इसके माध्यम से हम रोजगार के अवसर भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न धार्मिक पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए पिछले आठ वर्षों में सरकार ने सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। श्रद्धालुओं के कैलाश मानसरोवर की यात्रा में आ रही परेशानियों को उठाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इसे लेकर विदेश मंत्रालय से वार्ता करेंगे। हम चाहेंगे कि गाजियाबाद मानसरोवर भवन में ही सारी समस्याओं का समाधान हो जाए। पर्यटन भवन से हमने कहा है कि कैलाश मानसरोवर भवन का बेहतर ढंग से रखरखाव किया जाए। योगी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर जाने का आप लोगों को अवसर मिला है। उत्तराखंड में चार धाम है। देश के अंदर भी चार धाम हैं। उत्तर और दक्षिण को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयास किए हैं। पिछले कुछ वर्षों से वाराणसी में काशी तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। काशी में विश्वनाथ बाबा हैं तो तमिलनाडु में रामेश्वरम हैं।

### सुरक्षा और सुविधाओं के साथ प्लास्टिक मुक्त होगा विंध्याचल मेला : मुख्यमंत्री योगी

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विंध्याचल स्थित अष्टभुजा डाक बंगले में आगामी चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र सहित पूरे जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए और श्रद्धालुओं के सामने स्वच्छ व सुंदर विंध्याचल का प्रस्तुतीकरण हो। मुख्यमंत्री ने नगर पालिका व पंचायती राज विभाग को मेला क्षेत्र और घाटों पर विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था लागू करने और बस व रेलवे स्टेशनों सहित प्रमुख सड़कों के सुंदरीकरण पर भी जोर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि सामान्य श्रद्धालुओं के साथ महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं। गंगा नदी में सुरक्षा के मद्देनजर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की पर्याप्त तैनाती के साथ श्रद्धालुओं को लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय, बिजली और प्रकाश जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से मिलनी चाहिए। गर्मी को देखते हुए पूरे जनपद में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त

### प्रधानमंत्री मोदी से सपरिवार मिले वरुण गांधी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान वरुण के साथ उनकी पत्नी और पुत्री भी उपस्थित रहीं। वरुण ने प्रधानमंत्री से आशीर्वाद लिया और मार्गदर्शन हासिल करने की बात कही। वरुण गांधी ने इस मुलाकात की फोटो मंगलवार को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि परिवार सहित प्रधानमंत्री से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व को आभामंडल से युक्त बताते हुए कहा कि उनमें अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव झलकता है।

### सरकार ने लोकसभा से 'जन विश्वास संशोधन विधेयक' को वापस लिया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा से जन विश्वास विधेयक को वापस ले लिया। लोकसभा की चयन समिति की सिफारिशों को शामिल करने के बाद इस विधेयक को फिर से पेश किया जाएगा। इस बिल का उद्देश्य विश्वास-आधारित शासन को और बढ़ावा देने के लिए कुछ कानूनों में संशोधन करके अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और उन्हें तर्कसंगत बनाना है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज सदन की अनुमति लेने के बाद प्रवर समिति द्वारा रिपोर्ट किए गए 'जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025' को वापस ले लिया।

### बच्चों को पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी: राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के भविष्य हमारे बच्चे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रपति मुर्मु ने मंगलवार को अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा पांच अरब भोजन परोसने की उपलब्धि के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। पीएम पोषण के तहत चल रहा स्कूल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अभिभावकों के लिए बच्चों को स्कूल भेजने का एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन साबित हुआ है।

## घरेलू गैस सिलेंडर कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई, 5813 जगहों पर पड़े छापे

● कालाबाजारी में संलिप्त 12 एलपीजी वितरकों एवं 74 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12 से 17 मार्च तक पूरे प्रदेश में 5813 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 12 एफआईआर दर्ज कराई गईं, जबकि कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 74 एफआईआर दर्ज हुई हैं। कार्रवाई के दौरान 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 85 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। यह अभियान लगातार जारी है और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार की इस सख्ती के बीच आपूर्ति व्यवस्था भी नियंत्रण में है। प्रदेश के 4108 एलपीजी गैस वितरकों के यहां बुकिंग के सापेक्ष उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है।

वितरकों के पास गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और



आवश्यकता के अनुसार घरेलू एलपीजी रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के लिए भारत सरकार द्वारा कुल खपत के 20 प्रतिशत आवंटन की अनुमति भी दी गई है, जिससे बाजार में संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है।

पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है और सामने आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल में भी खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जनपद स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित कर उन्हें सक्रिय रखा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्थिति पर लगातार नजर बनी रहे। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार फील्ड में भ्रमण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कहीं भी कृत्रिम कमी की स्थिति न बनने पाए और उपभोक्ताओं को समय से आवश्यक ईंधन उपलब्ध होता रहे। प्रशासनिक स्तर पर की जा रही यह सतत निगरानी प्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है।

## पीएनजी का नया कनेक्शन 24 घंटे के अंदर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने पाइप के माध्यम से रसोई गैस का पीएनजी कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू करने के साथ- साथ नये आवेदनों को 24 घंटे में मंजूरी देने का निर्णय लिया है। उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ व्यापक अभियान चला रही है । इसके तहत पिछले कुछ दिनों में देश भर में लगभग 12,000 छापे मारे गए हैं और लगभग 15,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा घरेलू एलपीजी का उत्पादन भी 38 प्रतिशत बढ गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के संकट से उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाये



गये संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को बताया कि केन्द्र सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही है। केन्द्र ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि पीएनजी की नयी पाइपलाइन बिछाने के लिए सभी अनुमतियां स्वीकृति मानी जाएं और स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाए जाने वाले सड़क पुनर्स्थापन और अनुमति शुल्क को माफ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जीएएल अथॉरिटी ऑफ इंडिया पहले ही सभी सीजीडी कंपनियों के साथ बैठक कर चुकी है। इसके अलावा, पीएनजी आरबीआई ने भी एक परामर्श जारी किया है। श्रीमती शर्मा ने कहा ,'' हमारी सीजीडी कंपनियां जैसे आईजीएल, एमजीएल, जीएएल इंडिया और बीपीसीएल ने उन कंपनियों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन घोषित किए हैं जो पीएनजी कनेक्शन लेना चाहती हैं। इसी प्रकार, भारत सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। उनसे अनुरोध किया गया है कि पाइपलाइन बिछाने की सभी अनुमतियों को स्वीकृत माना जाए। उन्होंने कहा कि नए आवेदनों को 24 घंटे के भीतर मंजूरी दी जानी चाहिए। राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाए जाने वाले सड़क पुनर्स्थापन और अनुमति शुल्क को माफ किया जाना चाहिए साथ ही कार्य समय और कार्य अवधि में भी छूट दी जानी चाहिए।



# लखनऊ के जलसाई नाथ मंदिर का होगा कायाकल्पः जयवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए करीब 89.82 लाख रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से न केवल मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक होगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी गति मिलेगी। यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा।



उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'जलसाई नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत यात्री हॉल का निर्माण, शीट रूफिंग युक्त यात्री शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर से युक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के जरिए परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस पहल से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। उन्होनें बताया कि राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित जलसाई नाथ मंदिर, चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा के संत रविदास मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है। पर्यटन विभाग इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण, बेहतर सुविधाएं और आकर्षक पर्यटन माहौल तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'समृद्ध विरासतों, पारंपरिक व्यंजनों और प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला से सजा लखनऊ देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाओं और पर्यटन वातावरण के चलते वर्ष 2025 में शहर में 1.71 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया। इनमें 38 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक रहे। लखनऊ की बढ़ती लोकप्रियता और धार्मिक पर्यटन विकास की रफ्तार ने शहर को पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट स्थान प्रदान किया है। उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन में देश में अव्वल राज्य है, जिसे बरकरार रखने का प्रयास है।

# बाथम वैश्य सभा लखनऊ का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बाथम वैश्य सभा लखनऊ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह माधव सभागार, लखनऊ में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक सदस्यों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने परिवार सहित भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे सभागार में रंग, उमंग और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरसरन लाल गुप्ता (चेयरमैन राजधानी नगर सहकारी बैंक) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर सभा के संरक्षक रामचंद्र गुप्ता और अरुण कुमार ने कहा कि समाज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं सभा के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनीष गुप्ता, सुभाष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान विकास, संजय, राजेंद्र गुप्ता, पीयूष गुप्ता, अजय गुप्ता, सुधीर, अनूप, मनोज , नवरतन लाल गुप्ता और प्रशांत गुप्ता ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महिला सभा की अध्यक्ष रानी गुप्ता, पिंकी गुप्ता,लता, प्रीति और शिवा ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष प्रस्तुति हुई।इसमें गायन, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने सभी का दिल जीत लिया और उन्हें पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और विशेष सहयोगकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही फूलों की होली खेलकर सभी ने इस पर्व का आनंद लिया, जिससे पूरा वातावरण रंगों और खुशियों से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने सभी अतिथियों और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, सहयोग और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी तरह समाज को जोड़ने वाले कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश के 761 नगरीय निकायों में 2802 पार्षद नामित

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नामित पार्षदों को दी शुभकामनाएं**

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों में काफी समय से खाली चल रहे 2802 पदों पर पार्षद नामित कर दिये हैं। इनमें प्रदेश के 17 नगर निगमों समेत 200 नगर पालिकाओं और 544 नगर पंचायतों में पार्षद नामित कर पार्टी कार्यकर्ताओं का समायोजन किया गया है। नामित पार्षदों का कार्यकाल नगरीय निकायों के शेष कार्यकाल तक रहेगा। भाजपा की ओर से नामित पार्षदों के लिए प्रदेश सरकार को सूची भेजी गयी थी। प्रमुख सचिव नगर विकास पी.गुरू प्रसाद ने सोमवार देर रात नगरीय निकायों में पार्षदों को नामित करने संबंधी अलग–अलग सूची जारी की। जारी सूची के अनुसार प्रत्येक नगर निगम में 10, नगर पालिका परिषद में 05, नगर पंचायतों में तीन–तीन पार्षद नामित किए गए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नगर निकायों में मनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब राष्ट्रसेवा के संकल्प और समर्पण के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के विकास तथा जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हम सभी मिलकर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रदेश और राष्ट्र की सेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे। भाजपा उत्तर प्रदेश एक परिवार के रूप में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि हर जाति व वर्ग के साथ–साथ पार्टी के पुराने व समर्पित कार्यकर्ताओं का समायोजन में ध्यान रखा गया है। महिलाओं को भी समुचित भागीदारी दी गयी है। अवनीश त्यागी ने बताया कि भाजपा में सभी निर्णय सर्वसम्मति से होते हैं। पार्टी ने जिलों में पर्यवेक्षक भेजकर नगर निगम,नगर पालिका व नगर पंचायत में नामित पार्षदों के लिए नाम मांगे गये थे। इसके बाद घोषणा की गयी है।

# लोहिया संस्थान में मरीज की मौत पर परिजनों ने काटा बवाल लापरवाही का आरोप

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार को मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए तीमारदारों ने रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट की और आपातकालीन (ट्रायज) क्षेत्र में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में किया और डॉक्टरों की तहरीर पर एक तीमारदार को हिरासत में ले लिया। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन तिवारी ने बताया, मरीज लाल बहादुर (45) को निमोनिया और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम के साथ बेहद गंभीर हालत में लाया गया था। उनका ऑक्सीजन स्तर काफी कम था। डॉक्टरों ने तत्काल वेंटिलेटर पर शिफ्ट करने की सलाह दी, लेकिन परिजनों ने शुरू में सहमति नहीं दी। लगभग दो घंटे की देरी के बाद वेंटिलेशन शुरू किया गया, लेकिन तब तक स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी थी और मरीज को बचाया नहीं जा सका।

# 'मुख्यमंत्री युवा योजना' से बदली तकदीर, लखनऊ की खुशी बनीं महिला उद्यमिता की नई पहचान

- ब्याज एवं गारंटी मुक्त ऋण से युवाओं को मिल रहा स्वरोजगार का अवसर
- 'ग्लैम हाउस' के जरिए ब्यूटी बिजनेस में बनाई अलग पहचान
- यूनिसेक्स सैलून और एकेडमी से अन्य महिलाओं को भी दे रहीं रोजगार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के माध्यम से योगी सरकार ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण प्रदान कर युवाओं के स्वरोजगार के सपनों को नए पंख देने का काम कर रही है। इसी योजना का लाभ लेकर योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को लखनऊ की रहने वाली खुशी गुप्ता ने धरातल पर उतारकर उद्यमी बनने का सपना साकार किया है। उन्होंने न सिर्फ ब्यूटी बिजनेस में अपनी अलग पहचान बनाई, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन चुकीं हैं। खुशी गुप्ता ने बताया कि वे लखनऊ में बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहीं हैं। उनकी मेकअप और ब्यूटी पार्लर में रुचि है। इसके लिए उन्होंने प्रोफ़ेशनल कोर्स भी किया। उनको 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने बैंक जाकर योजना की जानकारी ली



और एक हफ्ते का उद्यमिता प्रशिक्षण भी लिया। इस योजना के तहत उनको 4.5 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। यह पूरी तरह ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त था। मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मिली वित्तीय सहायता से उन्होंने से सैलून का इंटीरियर और वेंडर्स का भुगतान किया। लखनऊ के खुर्रम नगर इलाके में 2025 में 'ग्लैम हाउस' के नाम से यूनिसेक्स सैलून, स्टूडियो और एकेडमी की शुरुआत की। खुशी आज न सिर्फ हर महीने लाखों रुपए कमा रहीं है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रहीं हैं। योगी सरकार 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के तहत प्रदेश के 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को व्यापार जगत में मुख्यधारा से जोड़ रही है। योजना के तहत ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाती है। आज खुशी जैसी प्रदेश की हजारों महिलाएं सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में अपना योगदान दे रहीं हैं। खुशी की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

# भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने हाथ में कटोरा लेकर किया प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं और लगातार निराशा झेल रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकारी पक्ष की कमजोर पैरवी के कारण मामला लंबा खिंच रहा है। कुछ अभ्यर्थियों ने यह भी दावा किया कि कई साथी मानसिक तनाव में आत्महत्या कर चुके हैं। हरदोई से आए रमेश ने बताया कि वे गरीब परिवार से हैं और नौकरी की उम्मीद में लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

# पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के गेट पर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पुलिस उप निरीक्षक पद के लिए लिखित भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। लेकिन परीक्षा के प्रश्न पत्र में पूछे गए एक सवाल को लेकर ब्राह्मण समुदाय नाराजगी व्यक्त कर रहा है। इसी मामले में मंगलवार को एक युवक ने लखनऊ स्थित पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के गेट पर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। युवक की पहचान बुलंदशहर जिले के निवासी दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसने बताया कि 14 मार्च को आयोजित यूपी पुलिस की उपनिरीक्षक पद की लिखित परीक्षा में एक विशेष प्रश्न पूछा गया था। इस प्रश्न में 'अवसरवादी' को परिभाषित करने के विकल्प के तौर पर 'पंडित' शब्द को शामिल किया गया था। आरोप है कि इस प्रश्न को परीक्षा पत्र में जानबूझकर एक विशेष समुदाय को अपमानित करने के इरादे से शामिल किया गया था। इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। इस अपमान से व्यथित होकर वह आज अपनी जान देने के इरादे से पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय पहुंचा था। सुरक्षा कर्मियों ने उसे हिरासत में लेकर हुसैनगंज थाना भेज दिया है।

# ईदैन की नमाज़ ईदगाह में पढ़ना हुजूर और सहाबा की सुन्नतः खालिद रशीद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश की सबसे खूबसूरत और ऐतिहासिक ईदगाह लखनऊ में ईद उल फित्र की नमाज़ की तैय्यारियों के सम्बन्ध में ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल के सदस्यों की एक अहम् बैठक हुई। बैठक में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने रमजान जैसे पवित्र महीना खैरियत के साथ गुज़रजाने पर खुदा का शुक्र अदा किया और रोज़े दारों को बधाई दी। उन्हींने तमाम मुसलमानों से अपील की कि ईद की नमाज़ से पहले वह फित्रः जरूर अदा करें। उन्होंने मुसलमानों से यह भी अपील की वह रसूल पाक स? और सहाबा रजि? की पैरवी करते हुए ईदगाह में ईद की नमाज़ अदा करें। इस लिए कि आपस ने और सहाबा रजि ने सदैव ईद उल फित्र और ईद उल अज़हा की नमाज़ ईदगाह में अदा की है। मौलाना ने कहा कि हदीस में आया है कि ईद की फजिर से खुदा का फरिश्ता लोगों को ईदगाह की तरफ पुकारता है। उन्होंने कहा कि ईदगाह में ईद की नमाज की तैय्यारियाँ मुकम्मल हैं। मौलाना ने बताया कि ईद की नमाज़ पढ़ने की तरकीब यह हैः नियतः पहले यह कहें कि नियत करता हूँ मैं दो रकात नमाज ईद-उल-फित्र वाजिब मआ जायद छ तकबीरों के, वास्ते अल्लाह तआला के, पीछे इस इमाम के (नियत के लिए इन अल्फाज का दोहराना जरूरी नही है, सिर्फ ख्याल कर लेना काफी है।) पहली रकअतः अल्लाहु अकबर कह कर दोनों हाथ कानों तक उठा के बाँध लें (इस तकबीर को तकबीर-ए-तहरीमा कहते हैं) सना पढ़ कर पहली तकबीर कहें। यानी अल्लाहु अकबर कह कर कानों तक हाथ उठायें और छोड़ दें। इसी तरह दूसरी तकबीर कहें यानी अल्लाहु अकबर कहकर कानों तक हाथ उठाकर छोड़ दें। फिर तीसरी तकबीर कहें यानी अल्लाहु अकबर कह कर कानों तक हाथ उठायें और बाँध लें। इसके बाद सूरह फातिहा पढ़ें और कोई दूसरी रकअत पढ़कर रुकू व सुजूद करें। दूसरी रकअतः दूसरी रकअत हस्बे दस्तूर शुरू करें। सूरह फातिहा और उसके बाद कोई सूरत पढ़ने के बाद (बजाए रुकू में जाने के बाक़ी तीन तकबीरें इसी तरह कहें) इस के बाद अल्लाहु अकबर कह कर हाथ उठायें रुकू में चले जायें और बाकी नमाज दूसरी नमाजों की तरह अदा करें।नमाज ईद-उल-फित्र के बाद खुतबा सुनना वाजिब है। चाहे खुतबे की आवाज सुनाई दे या ने दे। खुतबा खत्म होने तक खामोश और अदब के साथ बैठे रहना चाहिए। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि गत साल की तरह इस साल भी महिलाओं के लिए ईदगाह लखनऊ में ईद की नमाज़ का विशेष एहतिमाम किया गया है। ईद गाह में ईद उल फित्र की नमाज़ सुबह 10:00 बजे होगी और नमाज़ से पहले मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली खिताब फरमायेंगे। इस अवसर पर मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीक़ी, मौलाना मो0 मुश्ताक़, मौ0 सुफयान निजामी, शेख राशिद अली मीनाई, मुनीब अलवी, सै0 अयाज अहमद, अदनान शाहिद खॉ, मो0 कलीम खॉ और शहाबुद्दीन कुरैशी वगैरा मौजूद थे।

# मुसलमान को ज्यादा से ज्यादा अफ्तार का एहतमाम करना चाहिए- मुफ्ती अबुल इरफान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इंडियन राहत फाउंडेशन के अध्यक्ष इमरान खान उपाध्यक्ष जीशान खान, सचिव मो जुनैद अहमद ने तमाम मेहमानों का गुलदस्ता पेश कर खैर मखदम किया।इस अवसर पर अबुल इरफान मियां फिरंगी महंली काजी शहर लखनऊ ने अपने खिताब में फरमाया कि रोजा रखने वाले को इफ्तार कराना बहुत सवाब का काम है। अल्लाह के रसूल ने फरमाया जो कोई रोजा रखने वाले को इफ्तार कराएगा, उसे उस रोजा रखने वाले के बराबर सवाब मिलेगा, और रोजा रखने वाले के सवाब में कोई कमी भी नहीं होगी। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने फरमाया कि रोजा गुनाहों को माफ कराता है, रोजा खुलवाने वाले को जन्नत में दाखिला मिलता है, रोजा खुलवाने से अल्लाह की रजा मिलती है और रोजा रखने का सवाब बढ़ता है। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक लोगों को इफ्ताग्र में दावत देने का प्रयास करना चाहिए और नियमित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अल्लाह को राजी करना आसान हो और रोजा रखने वाले सभी लोगों की दुआएं हासिल हो सकें।इमरान खान अध्यक्षइंडियन राहत फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने बयान में कहा कि प्रत्येक मुसलमान को अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा करनी चाहिए, जिससे उसे इस दुनिया और आखिरत में आसानी पैदा हो। इंडियन राहत फाउंडेशन लगभग तीन वर्षों से जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि इसे अपनी दुआओं में याद रखें ताकि फाउंडेशन और अधिक मिल्ली खिदमात अंजाम दे सके।

# गैस सिलेंडर संकट पर भड़के छात्र समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत-कालाबाजारी के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को गेट संख्या 1 पर जोरदार किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी (मार्च में 60 की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 913 तक पहुंच गई) और समय पर उपलब्धता न होने से आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। कालाबाजारी चरम पर है, जहां सिलेंडर कहीं-कहीं दोगुने-तिगुने दाम पर बिक रहे हैं, जबकि सरकारी आपूर्ति में कमी और होर्डिंग की समस्या बनी हुई है। छात्रों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वे इन मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। समाजवादी छात्र सभा ने मुख्य मांगें रखीं,गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए,आम जनता को सुलभ और उचित दरों पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण किया जाए और सब्सिडी बढ़ाई जाए। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। अंत में सभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं करती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल रहेरू रोहित यादव, आदित्य पाण्डेय, शिवा जी यादव, प्रसन्न शुक्ला उर्फ मिट्ठू, शिवपूजन पाण्डेय, अजीतेंद्र यादव, शिवमणि तिवारी, प्रशांत पाल, अनादि तिवारी, अक्षत पाण्डेय, प्रभात राज यादव, आशीष यादव, आर्यन गुप्ता, विनय शाक्य, प्रियांशु, रुद्रवीर, सूर्यांश, पंकज, अर्जुन, अश्वनी आदि छात्र।

# हिंदू नववर्ष उत्सव 2026 : लखनऊ में 19 मार्च को होंगे सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम

- स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति का आयोजन
- विशेष रूप से संघ के 100 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर कार्यक्रम




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक चेतना के प्रतीक हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति की ओर से एक भव्य, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च को सायं 05:30 बजे प्रदेश की राजधानी लखनऊ के उत्सव (प्रतीक) स्थल, 1090 चौराहा के निकट, गोमती नगर में किया जाएगा।

ये बातें मंगलवार को राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के संयोजक ललित श्रीवास्तव ने जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन विशेष रूप से 100 वर्ष की संघ यात्रा के ऐतिहासिक पड़ाव को समर्पित है, जिसमें संगठन के शताब्दी वर्ष की गौरवशाली यात्रा, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के समग्र एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए ल्लपंच परिवर्तनङ्ख आधारित संकल्प कार्यक्रम भी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा। ललित श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए एक सशक्त, संगठित एवं संस्कारित समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए ल्लनिबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता 2026ङ्ख का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) में होगी। प्रतिभागियों के लिए विषय कुटुंब प्रबोधन अथवा पर्यावरण संरक्षण निर्धारित किया गया है। विजेता प्रतिभागियों को 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्य प्रमुख आकर्षण में नव संवत्सर पंचांग का विधिवत अनावरण, भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ल्लसंघ शताब्दी वर्षङ्ख विषय पर विशेष प्रदर्शनी, ल्लभारत गौरवङ्ख सेल्फी प्वाइंट एवं मुंबई से आए सुप्रसिद्ध गायक सुरेश जी की भजन संध्या का कार्यक्रम है। स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन प्रमुख ऋषि जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रस्तावित पंच परिवर्तन रूपी संकल्पों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इनमें सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं एकता को बढ़ावा देना, नागरिक कर्तव्य-कानून पालन, अनुशासन एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का निर्वहन, पर्यावरण संरक्षण-प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली अपनाना, कुटुंब प्रबोधन-परिवार में संस्कार, संवाद एवं एकजुटता को मजबूत करना और स्वदेशी जीवनशैली- भारतीय परंपराओं, उत्पादों एवं संस्कृति को अपनाना शामिल हैं। समिति के ऋषि जैन ने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक नागरिक इन पांच संकल्पों को अपने जीवन में उतार ले तो एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। इस भव्य आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, युवा, महिलाएं एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम को जनभागीदारी का उत्सव बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति ने लखनऊ सहित आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों से इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भारतीय संस्कृति, एकता एवं सामाजिक परिवर्तन के इस महाअभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

# कैदियों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की जाये: जिला जज



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला जज रीता कौशिक ने जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के साथ जिला कारागार के पुलिस एवं महिला बैरकों का सघन निरीक्षण किया तथा जो गरीबी कारण जमानत नहीं करा सकते उनके लिए शासकीय अधिवक्ता कराने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर जिला जज ने महिला बैरिक में उनके बच्चों को पोषण किट आदि उपहार दिये।

निरीक्षण के दौरान उन्होने कारागार अस्पताल में भर्ती बीमार कैदियों का हाल.चाल जाना तथा पाकशाला जाकर खाने आदि की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि कैदियों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते आदि की व्यवस्था की जाये। इस अवसर जेल अधीक्षक अमन प्रताप सिंहए जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सीएसएन के दो होनहार बने असिस्टेंट प्रोफेसर



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा. 2024 के भूगोल विषय में सफलता प्राप्त कर सीएसएन महाविद्यालय के दो शोध छात्र-छात्राओं कु० शीतल रस्तोगी तथा बलदेव सिंह यादव ने महाविद्यालय सहित जनपद का गौरव बढ़ाया है।

छात्रा शीतल रस्तोगी भूगोल की विभागाध्यक्ष प्रो० पुष्पा रानी गंगवार तथा छात्र बलदेव सिंह यादव भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ रजनीश कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उक्त दोनों छात्र-छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने मिष्ठान खिलाकर हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण में नोडल शिक्षक हुए तैयार

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**भरावन ( हरदोई )।** विगत शुक्रवार से चल रहे शारदा प्रशिक्षण में 172 विद्यालयों के प्रतिनिधि नोडल शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर आउट ऑफस्कूल बच्चों को कैसे मुख्य धारा से जोड़े इसके गुरु सीखें। यह जानकारी साझा करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने बताया की तीन बैच में शिक्षकों को तीन.तीन दिवस प्रशिक्षण श्रृंखला मंगलवार को पूर्ण कर लिया गया है। प्रशिक्षण दे रहे हमारे एआरपी श्याम किशोर त्रिपाठी, अचल बाजपेई, शुभम तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव व ललित कुमार जो कि अपने अपने विषय के एआरपी नियुक्त हैं। प्रशिक्षण देकर नोडल शिक्षकों को इस बात के लिए तैयार किया कि वह 6 से 14 वर्ष के उम्र वाले बच्चे जो कि किसी कारण से विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, गृह कार्यों में या अन्य किसी कारण से किसी तरह शिक्षा से विमुख हो रहे हैं उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से पुन: जोड़ने के लिए नए.नए तरकीबों को अपनाते हुए उन बच्चों को फिर से विद्यालय की रास्ता दिखाएं एजिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक प्रकाश दुबे, फैजी अब्बास अतुल श्रीवास्तव व सभी प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से नामित किया गए सभासद

राष्ट्रीय प्रस्तावना



गीता गुप्ता



महेन्द्र श्रीवास्तव

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** विधानसभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मल्लावां में सभासद पदों पर मनोनयन को लेकर उत्तर प्रदेश शासन ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह निर्णय महामहिम राज्यपाल की संस्तुति पर लिया गया है। जारी सूची के अनुसार नगर पालिका मल्लावां में गीता गुप्ता, महेंद्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, रामनरेश गौतम एवं अमित वर्मा (शालू) को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया है। मनोनीत सभासदों के नाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों एवं समर्थकों ने सभी नव.नियुक्त सभासदों को बधाई देते हुए आशा जताई है कि वे नगर के विकासए जनसमस्याओं के समाधान एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। और गरीब जनता की आवाज को आगे बढ़कर उठाएंगे

## पिहानी में पशुपालकों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बा स्थित पशु चिकित्सालय में मंगलवार को पशुपालकों के लिए ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के अंतर्गत हुआ, जिसका उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक तकनीक और पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र के पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने और उनकी आय में वृद्धि करने के गुर सिखाना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० अनुका यादव और डॉ० शालिनी पांडे ने पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कम लागत में पशुओं के बेहतर दुग्ध उत्पादन के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के महत्व को भी समझाया। विशेषज्ञों ने पशुशाला में साफ-सफाई बनाए रखने और बीमारी के लक्षण दिखते ही तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी। साथ ही, पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से अवगत कराया, जिससे वे कम खर्च में अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर डॉ० शालिनी पांड, वेद प्रकाश मिश्रा, विमल यादव, रविंद्र सिंह, अनिल सहित पशुपालन विभाग के समस्त कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के पशुपालक उपस्थित रहे।

### शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास क्षेत्र माधवगंज के सदरपुर न्याय पंचायत की शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय हीरापुर में सामाजिक विज्ञान के एआरपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बैठक में एआरपी अरुण कुमार सिंह ने स्कूल चलो अभियान सत्र 2026-27 एवं नामांकन वृद्धि रणनीति पर चर्चा एरिमेडियल शिक्षण और शिक्षण योजना पर चर्चाएस्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब व स्टेम किट्स के अनुभव पर चर्चा, मेगा पेटीएम अभिभावक सहभागिता योजना एवं रिपोर्ट कार्ड वितरण उत्सव तैयारी पर चर्चा, प्रबंध समिति में प्राप्त धनराशि टीएलएम अनुदान, ईको क्लब, स्पोर्ट्स क्लब एमीना मंच, कंम्पोजिट ग्रांट व अन्य मदों को 25 मार्च तक व्यय पूर्ण करने पर चर्चा, वार्षिक परीक्षा के बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति चर्चा आदि बिन्दुओं पर चर्चा परिचर्चा हुई। नोडल शिक्षक संकुल नीरज कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में शिक्षक संकुल अनूप दीक्षित, सुरेश कुमार, यशपाल सिंह, मधुबाला सिंह, गौरव कुमार सिंह, रामशरण सिंह, विभा गुप्ता, रिचा वर्मा, मोहम्मद आबिद, अंजलि गुप्ता आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### बिजली करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** घर में लगे बिजली के पंखे को घूमाते समय बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नवा निवासी दिनेश (38) पुत्र रामस्वरूप सोमवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे घर में चल रहे पंखा को अपनी ओर मुड़ाने लगा। उसी समय पंखा में आ रहे करेंट की चपेट में आ गया। करेंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर अरुण मोहन ने उसे मृत घोषित किया परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी की मृत्यु कई माह पूर्व हो चुकी थी। वही मृतक का एक पुत्र शिवम, पुत्री ज्योति देवी, उपासना व श्वेता देवी हैं।

### शासन से पांच सभासद नामित किए गए

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शाहाबाद नगर पालिका में परिषद में पांच सभासदों को नामित किया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के के सोनकर ने बताया शासन से नामित सभासदों की लिस्ट जारी होने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। नगर पालिका परिषद में महेंद्र बाल्मीकि, अजीत सिंह, सुभाष रस्तोगी, यदुवीर सिंह और मधु मिश्रा को सभासद नामित किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी के प्रयास से इन सभासदों को नामित किया गया है। नगर पालिका के पांच सभासद नामित हो जाने के बाद बोर्ड में भाजपा के सभासदों की पकड़ मजबूत होगी।

### एक उपनिरीक्षक सहित दो हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सोमल राय पासवान, हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह और जंग बहादुर को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने लाइन हाजिर कर दिया है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा की गई है। इस कार्रवाई के बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप की स्थिति है।

### देवमलपुर के पास अनियंत्रित कंटेनर पलटने से नेशनल हाईवे पर लगा

**जहानीखेड़ा ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देवमलपुर के पास आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक विशालकाय कंटेनर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर ही पलट गया। इस हादसे के कारण नेशनल हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।



### जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 66 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेंशन तथा दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### हरदोई की 7 नगर पालिकाओं में 35 नामित सभासद मनोनीत

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर पालिका परिषद हरदोई में रीना गुप्ता, आकाश पाल, संतोष कुमार पटेल, अनूप सिंह मोनू और विनोद कुमार धनुक को नामित सदस्य बनाया गया है। शाहाबाद नगर पालिका परिषद में अजीत कुमार सिंहए महेंद्र वाल्मीकि, सुभाष रस्तोगी, युववीर सिंह राजपूत और मधु मिश्रा को नामित सभासद मनोनीत किया गया है। संडीला नगर पालिका परिषद में शरद कुमार चौरसिया, शिवम सक्सेना, अर्पित गुप्ता, अमन बाबू और रुचि अवस्थाना को नामित किया गया है। सांडी नगर पालिका परिषद में सत्य किशोर राजपूत, सरला गुप्ता, सुशील गुप्ता, आशाराम वर्मा और श्याम जी शर्मा को नामित सभासद बनाया गया है। शासन की अधिसूचना जारी होने के बाद संबंधित नगर निकाय क्षेत्रों में राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। समर्थकों ने नामित सभासदों को बधाई दी है, वहीं स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि ये सदस्य नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग ने हरदोई की विभिन्न नगर पालिका परिषदों में नामित सभासदों की सूची जारी कर दी है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-9 के तहत राज्यपाल द्वारा सात नगर निकायों में कुल 35 सदस्यों को मनोनीत किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार मल्लावां, बिलग्राम, पिहानी, हरदोई, शाहाबाद, संडीला और सांडी नगर पालिकाओं में यह मनोनयन किया गया है।



### जमीनी विवाद में महिला के साथ मारपीट की

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के ग्राम कर्ता गांव में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर एक महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट की हैं। महिला के पुत्र गोविंद पुत्र मंसुख तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही घर के दरवाजे पर मौजूद उनकी माता मीना पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुएए जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। हमले में महिला के सिर और शरीर पर चोटें आई हैं। घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### लाठी-डण्डो से किया हमला

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के जोधनपुरवा गांव में सोमवार रात घर लौट रहे गोलू पुत्र फूलचंद पर गांव के ही चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को बुरी तरह पीटा गया, जिसे घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाईक सवार घायल

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सोमवार रात ढिगासर.बाँधपुरवा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बलवीर (40) को जोरदार टक्कर मार दी। ढिगासर निवासी बलवीर बाइक से बाँधपुरवा जा रहे थे। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों ने एंबुलेंस से सीएचसी हरपालपुर पहुँचाया। हालात नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ घायल

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उन्नाव.कटरा मार्ग पर सोमवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से शेखपुर निवासी विनोद (46) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह बाजार से घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त विनोद ने हेलमेट नहीं पहना था।

### ज़हरीले सांप ने डसा

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मडैया गांव में मंगलवार को भूंसा निकालते समय अशोक की पत्नी सीमा (40) को एक जहरीले सांप ने डस लिया। आनन.फानन में परिजनों ने उन्हें सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### पुलिस ने तमंचे सहित युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण/बिक्री/परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 17 मार्च को थाना पिहानी के उप निरीक्षक कैलाश चंद्र यादव और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त युद्धवीर उर्फ खिलाड़ी पुत्र वीरेश कुमार निवासी ग्राम दरियाबाद थाना पसगवां जनपद खीरी को एक तमंचा 12 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी कों न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### बाइक से जा रहे पिता पुत्री को सामने से आ रही बाइक ने मारी टक्कर पिता की मौत पुत्री घायल

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बाइक से जा रहे पिता पुत्री को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, वहीं पुत्री का हाथ टूट गया। मंगलवार की सुबह लगभग दस बजे थाना बिलग्राम कोतवाली के गांव हैबतपुर के निकट सामने से आ रही बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक पर सवार कस्बे के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अनिल कश्यप पुत्र देवशरण कश्यप तथा बाइक पर सवार उसकी पुत्री अंशिका कश्यप (17) टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ लेकर जा रहे थे रास्ते में ही अनिल कश्यप ने दम तोड़ दिया मौत की खबर परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया युवक फ्रिज कूलर आदि इलेक्ट्रॉनिक सामानों का मैकेनिक था जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था परिवार में पत्नी संतोषी कश्यप पुत्र शोभित कश्यप का रो रोकर होकर बुरा हाल है।



मृतक की फाइल फोटो

# प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर किया जायेगा मेला/प्रर्दशनी का आयोजन

■ प्रर्दशनी में लोगों को लाभप्रद योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी: सान्या छाबड़ा



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर कल दिनांक.18 मार्च 2026 को गांधी भवन परिसर में आयोजित होने वाले मेले एवं प्रर्दशनी के सम्बन्ध में एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कल गांधी भवन परिसर में स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, शिक्षा, नेडा, डूडा, जल निगम, जिला पंचायत, पुलिस विभाग आदि द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाये जायेगें और मेले में आने वाले लोगों को विभागीय लाभप्रद योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होने कहा कि मेले में बैनर, होन्डिग, वीडियो व फोटोग्राफी तथा एक एलईडी की व्यवस्था जिला सूचना विभाग द्वारा कराई जायेगी। सीडीओ ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कल प्रात: नौ बजे तक अपने-अपने स्टाल पूरी तरह तैयार करा लें। उन्होने कहा कि इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र आदि प्रदान किये जायेगें। बैठक में डीडी कृषि, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

## रिश्ते का अंत बना बदनामी की वजह, वायरल वीडियो से बवाल



कछौना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी रिजवान

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की युवती ने दूसरे समुदाय के युवक पर पिछले एक वर्ष से शारीरिक संबंध बनाने व निजी क्षणों के बनाए वीडियो वायरल करने के आरोप लगाए हैं! प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर ली है! प्राप्त जानकारी के अनुसार कछौना थाना क्षेत्र की एक युवती ने घर के सामने रह रहे गैर समुदाय के रिजवान पर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी पिछले एक वर्ष से उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था! उसने उसके निजी क्षणों के कुछ वीडियो भी अपने कमरे में कैद कर लिए थे जिसे दिखाकर वह समय-समय पर उसे ब्लैकमेल करता रहता था लेकिन आरोपी की शादी होने के पर युवती ने उससे मिलने से मना किया तो आरोपी ने उसके आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए! जिससे युवती को गहरा आघात पहुंचा है! घटना की जानकारी होने पर युवती के परिजन आरोपी के घर बात करने पहुंचे तो आरोपी ने परिजनों को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी! इसके बाद पीड़िता व उसके परिजन कोतवाली कछौना पहुंचे और और आरोपी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया! थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है! साथ ही आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है!

### गौशाला चौकीदार व प्रधान प्रतिनिधि से गाली गलौज व मारपीट

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौशाला चौकीदार से गाली गलौज और प्रधान प्रतिनिधि के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है! पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है! प्राप्त जानकारी के अनुसार कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उसरहा गांव के प्रधान प्रतिनिधि अख्तर गाजी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को उनकी गांव में बनी गौशाला के चौकीदार छेदीलाल पुत्र कल्लू ने फोन पर बताया कि कुछ अज्ञात् गौशाला के बाहर हंगामा व गाली गलौज कर रहे हैं! सूचना पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि के साथ भी वे लोग गाली गलौज व धक्का मुक्की करने लगे! जिसकी शिकायत लेकर पीड़ित के थाने जाते समय ब्लॉक के सामने पवन सिंह उत्तम शेखर सूरज सहित 10.12 अज्ञात लोगों ने रास्ता रोककर पीड़ित पर लाठी डंडे और लोहे की राड से हमला कर दिया! जिससे पीड़ित को चोटें भी आई !आसपास के लोगों के दौड़ने पर हमलावर जान की धमकी देते हुए भाग निकले! थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है! आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी!



प्रार्थना पत्र के साथ शिकायतकर्ता प्रधान प्रतिनिधि

■ चार नामजद सहित एक दर्जन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

### बाग़ में अज्ञात युवक का सड़ा शव मिलने से सनसनी

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आम के बाग में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया! शव पूरी तरह सड़ चुका है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह कई दिनों पुराना है! शव की जानकारी खेत में काम कर रहे किसान को दुर्गन्ध आने पर लोगों को दी गई! फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है! प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को पतसेनी देहात के अंतर्गत रेलवे लाइन के किनारे पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास अग्रवाल के बाग के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला है! सड़े शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कई दिनों पुराना है! मृतक काले रंग की शर्ट पैंट पहने था! सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव व थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जानकारी जुटाने में लगे हैं! क्षेत्राधिकार प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है! पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी!



घटनास्थल पर मौजूद क्षेत्राधिकार प्रवीण कुमार यादव व थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह

## डालमिया भारत शुगर इंडस्ट्री लिमिटेड, गंगापुर यूनिट की नई पहल

**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुरवा बाजी राव में प्रोग्रेसिव किसान विजय प्रताप सिंह के खेत पर मैकेनिकल ट्रांसप्लांटर से गन्ना बुवाई की शुरुआत की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रिजनल हेड आर०पी० सिंह, सप्लाई हेड वीरेंद्र सिंह एवं जोनल इंचार्ज ब्रिंदर पाल सिंह भी मौजूद रहे। गन्ना विभाग के मुखिया अनिल सिंह राठौर ने बताया कि मशीनीकरण से लेबर की समस्या का समाधान होगा और खेती को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि बुवाई से लेकर कटाई तक हर सुविधा, गंगापुर यूनिट द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की गई कि बसंतकालीन बुवाई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना लगाएं। कंपनी ने यह भी भरोसा दिलाया कि गन्ना समय से खरीदा जाएगा और भुगतान समय पर किया जाएगा। साथ ही आर पी सिंह ने बताया कि भुगतान के मामले में बघोली चीनी मिल, उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन प्रदेश में प्रथम रहा है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने बड़े पुत्र शानू सिह उम्र 31 वर्ष पुत्र सुरेश चन्द्र, वर्तमान पता- निवासी 81/1• अम्बेडकर नगर कालोनी थाना धर्मपुर ई0 सी0 उत्तराखण्ड को गलत आचरण के कारण अपनी चल एवं अचल सम्पति से जायजात से बेदखल करता हूँ उनके द्वारा किये गये किसी भी गलत कार्यो से हमारा कोई वास्ता नही होगा

सुरेश चन्द्र पुत्र जगन्नाथ,
मोहल्ला खालसा थाना साण्डी जिला हरदोई

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी LIC पालिसी संख्या 222721564 मे हमारा नाम नथ्थूलाल दर्ज था तथा हमारा असली नाम नथ्थूलाल उर्फ रामनाथ है। मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

नथ्थूलाल उर्फ रामनाथ पुत्र प्यारेलाल, पता:- ग्राम-करता, पोस्ट-लमकन, जिला-हरदोई

**मो. अली नजीर फातिमा महाविद्यालय, गौरी खालसा मुसलमानाबाद, हरदोई**

एसोसिएन ऑफ माइनोरिटी एजुकेशन इंस्टीट्यूशन्स प्रयासगराज द्वारा सत्र 2025-27 के लिए डी.एल.एड. पाठक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्था की वेबसाइट या महाविद्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्र- 9695400001, 9454637442

## स्वच्छ पर्यावरण को व्यापक वृक्षारोपण की आवश्यकता

एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण मानव जीवन और सतत विकास की नींव है। हाल के दशकों में, तेजी से औद्योगीकरण, शहरी विस्तार और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के कारण गंभीर पर्यावरणीय गिरावट आई है। प्रदूषण का बढ़ता स्तर, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की कमी स्पष्ट चेतावनी हैं कि हमारा पर्यावरण तनावग्रस्त है। इनमें से कई पर्यावरणीय समस्याओं का सबसे सरल किन्तु सबसे शक्तिशाली समाधान पर्याप्त वृक्षारोपण और पेड़ों तथा हरे आवरण की सुरक्षा है। पेड़ों को अक्सर पृथ्वी का ''पौधे'' कहा जाता है वे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। यह प्राकृतिक प्रक्रिया वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने में मदद करती है, जिससे हवा मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ हो जाती है। जब पेड़ों को उचित रूप से पुनः रोपने के बिना काटा जाता है, तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है और वायु की गुणवत्ता खराब हो जाती है। जलवायु परिवर्तन से लड़ने में भी व्यापक वृक्षारोपण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पेड़ कार्बन सिंक का काम करते हैं, बड़ी मात्रा में कार्बन को संग्रहीत करते हैं और वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता को कम करते हैं। इसलिए, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान ग्लोबल वार्मिंग को धीमा करने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। पेड़ों का एक और महत्वपूर्ण लाभ मिट्टी और जल संसाधनों की रक्षा में उनकी भूमिका है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को एक साथ रखती हैं और कटाव को रोकती हैं, विशेष रूप से भारी बारिश और बाढ़ के दौरान। पेड़ भूजल को पुनः चार्ज करने तथा श्वसन के माध्यम से प्राकृतिक जल चक्र को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। पर्याप्त वनस्पति के बिना, भूमि शुष्क और बांझ हो जाती है, जो कृषि और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती है। वृक्षारोपण जैव विविधता को भी समर्थन देता है। जंगल और हरित क्षेत्र पक्षियों, जानवरों और कीटों को आश्रय और भोजन प्रदान करते हैं। जैसे-जैसे जंगल लुप्त होते हैं, कई प्रजातियों को विलुप्त होने का खतरा रहता है। अधिक पेड़ लगाकर और मौजूदा जंगलों की सुरक्षा करके, हम वन्यजीवों के संरक्षण में मदद कर सकते हैं और हमारे ग्रह की समृद्ध जैव विविधता को बनाए रख सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में, पेड़ विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वे ध्वनि प्रदूषण को कम करते हैं, छाया प्रदान करते हैं, तथा शीतलन प्रभाव पैदा करके तापमान को कम करते है। जिन शहरों में कंक्रीट संरचनाएं परिदृश्य पर हावी होती हैं, वहां हरित स्थान निवासियों के जीवन की गुणवत्ता और मानसिक कल्याण को बेहतर बनाते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि हरित वातावरण में रहने वाले लोगों का तनाव कम होता है और उनका स्वास्थ्य बेहतर होता है। हालाँकि, वृक्षारोपण केवल सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। जनता की भागीदारी आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों को वृक्षारोपण अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। पेड़ लगाना केवल पहला कदम है; जब तक वह एक मजबूत पौधे में विकसित नहीं हो जाता, तब तक उसका पोषण और सुरक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की सरकारें वृक्षारोपण के महत्व को तेजी से पहचान रही हैं। भारत में, ग्रीन इंडिया मिशन जैसी पहल वानिकीकरण और क्षतिग्रस्त जंगलों की बहाली को प्रोत्साहित करती हैं। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य वन क्षेत्र को बढ़ाना और पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार करना है। निष्कर्षतः, पर्याप्त वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय गतिविधि नहीं है; यह भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण, स्थिर जलवायु, उपजाऊ मिट्टी और समृद्ध जैव विविधता सभी पेड़ों की उपस्थिति पर निर्भर करते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कुछ पेड़ भी लगाए और उनकी रक्षा करे, तो सामूहिक प्रयास हमारे ग्रह को एक हरित और स्वस्थ स्थान में बदल सकता है। इसलिए, वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति की रक्षा करना मानवता के लिए एक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में सबसे प्रभावी कदमों में से एक है।

**प्रदूषण का बढ़ता स्तर, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की कमी स्पष्ट चेतावनी हैं कि हमारा पर्यावरण तनावग्रस्त है। इनमें से कई पर्यावरणीय समस्याओं का सबसे सरल किन्तु सबसे शक्तिशाली समाधान पर्याप्त वृक्षारोपण और पेड़ों तथा हरे आवरण की सुरक्षा है। पेड़ों को अक्सर पृथ्वी का ''पौधे'' कहा जाता है वे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। यह प्राकृतिक प्रक्रिया वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने में मदद करती है, जिससे हवा मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ हो जाती है।**

# युद्धकाल का संकट, राजनीतिक और नागरिक कर्तव्य

मृत्युंजय दीक्षित

**भारत में इस युद्ध तथा उससे उपजे वैश्विक संकट पर अलग ही राजनीति हो रही है। जब से युद्ध आरम्भ हुआ है भारत में लखनऊ से लेकर श्रीनगर और जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले तक अमेरिका -इजरायल के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने पहले कभी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों निंदा तक नहीं की है। विपक्ष में बैठे राजनीतिक दल तथा उनके नेता इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की श्रीमती सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे आदि सरकार की विदेश नीति के खिलाफ अनवरत लेख लिख रहे हैं और किसी न किसी बहाने प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं। युद्धकाल के कारण पूरी दुनिया में आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो जाने के कारण तेल, गैस व अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो रही है।**

अमेरिका -इजराइयल और ईरान युद्ध को प्रारंभ हुए 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है और अभी भी युद्ध का दायरा बढ़ ही रहा है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध और आक्रामकता के कारण संपूर्ण विश्व में तेल और गैस की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अन्य आवश्यक उत्पादों के जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। विश्व के तमाम देशों की सरकारें एवं विपक्षी दल कदम से कदम मिलाकर तेल, गैस व ऊर्जा संकट, आर्थिक अनिश्चितता तथा कार्यालयों के पलायन के कारण उत्पन्न हो रहे संकट का सामना कर रहे हैं। सभी देशों में सत्तापक्ष व विपक्ष मिलजुल कर कर रहे हैं वहीं भारत में विपक्ष इस संकट का उपयोग अपने ही देश को नीचा दिखाने के लिए कर रहा है। भारत में इस युद्ध तथा उससे उपजे वैश्विक संकट पर अलग ही राजनीति हो रही है। जब से युद्ध आरम्भ हुआ है भारत में लखनऊ से लेकर श्रीनगर और जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले तक अमेरिका -इजरायल के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने पहले कभी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों निंदा तक नहीं की है। विपक्ष में बैठे राजनीतिक दल तथा उनके नेता इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की श्रीमती सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे आदि सरकार की विदेश नीति के खिलाफ अनवरत लेख लिख रहे हैं और किसी न किसी बहाने प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं। युद्धकाल के कारण पूरी दुनिया में आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो जाने के कारण तेल, गैस व अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो रही है। चीन, जापान, कोरिया जैसे समृद्ध देश और पाकिस्तान ,बांग्लादेश व श्रीलंका जैसे हमारे पड़ोसी देश पेट्रोल व डीजल की कीमतों में 10 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। कई देशों में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच रही है पड़ोसी पाकिस्तान में तो लाकडाउन जैसे हालात पैदा हो गए हैं जबकि भारत मे पेट्रोल व डीजल के दाम काफी स्थिर हैं। भारत में केवल घरेलू रसोई गैस के दामों में ही 60 रुपए की वृद्धि की गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध से पैदा हुए संकट पर स्वयं नजर रख रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री तथा प्रधानमंत्री मोदी दुनियाभर के नेताओं के साथ संपर्क में हैं तथा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए नए मार्ग ढूंढ रहे हैं। अभी तक भारत केवल 27 देशों से ही तेल व गैस की खरीदता था किंतु अब 40 देशों के साथ क्रय सम्बन्ध बनाए जा रहे हैं। विडंबना है कि विपक्ष इस संकट का उपयोग राजनीति के लिए कर रहा है। विपक्षी दल के नेता, आईटी सेल तथा कार्यकर्ता अपने आकाओं की शह पाकर अफवाह बाज बनकर सड़क पर आ गए हैं। बड़े नेता ऊपर संसद ठप कर रहे हैं और छोटे -बड़े जमाखोरों के साथ मिलकर आम जनमानस का पैनिक बटन दबाकर गैस सिलेंडर के लिए लंबी -लंबी कतारें लगवा रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी व उनकी सरकार की पहल का ही परिणाम है कि ईरान -अमेरिका- ईजरायल जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट से दो भारतीय जहाज शिवालिक और नंदादेवी 927000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। भारत सरकार व अधिकारियों के प्रयास से ही फारस की खाड़ी में सभी भारतीय सुरक्षित हैं ।भारत के 253 नाविक अब तक सुरक्षित वापस आ चुके हैं। भारत सरकार ऊर्जा आपूर्ति और नागरिक सुरक्षा पर पर्याप्त ध्यान दे रही है।प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों से स्पष्ट कर चुके हैं कि युद्ध का असर आम जनता पर नहीं पड़ना चाहिए। युद्धकाल में जो लोग भारत की विदेश नीति को फ़ेल बताने वालों को स्मरण रखना चाहिए कि कि जब संघर्ष के कारण उड़ानें प्रभावित होने पर कई ईरानी नागरिक भारत में फंस गए थे भारत ने ही उन्हें ईरान की सहायता से उनके देश पहुँचाया । वहीं युद्ध के बीच 1.72लाख भरतीय सकुशल भारत वापस आए हैं। भारत सरकार युद्धकाल में जनता को कोई समस्या न हो इसके लिए लगातार कार्य कर रही है किंतु क्या हम सभी नागरिक अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं? परिस्थितियां इसका उत्तर नहीं में दे रही हैं। यदि नागरिक भी कर्त्तव्य बोध से बंधे होते तो आज देश में गैस सिलेंडर को लेकर जो पैनिक मचा हुआ है वह न होता। ऊर्जा संकट की आहट मात्र से अफवाह बाज सक्रिय हो गए और ऐसी अफवाहें उड़ाई गई कि जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई है। जिन घरों मे एक या दो भरे हुए एलपीजी सिलिंडर मौजूद हैं वो भी हल्ला मचा रहे हैं । प्रतिदिन होने वाली सिलिंडर बुकिंग 55 लाख से बढ़कर 75 लाख हो गई। देशभर मे अजीब नजारे देखने को मिल रहे हैं। जो परिवार 853 रुपए का गैस सिलेंडर खरीदने में भार का अनुभव करते थे अब वही लोग चोर बाजार से 3500 तक का सिलेंडर खरीदने की हैसियत दिखा रहे हैं। समाज मे नैतिकता व सदाचार की कमी के कारण ही जमाखोरी व कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है । युद्धकाल में देशवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग कर्तव्य से विमुख होकर अपने लिए मुनाफ़े का अवसर खोज रहा है। अभी भारत का युद्ध से कोई सबंध नहीं है और यह युद्ध भारत से बहुत दूर हो रहा है तब भी जिस प्रकार का पैनिक भारत में हुआ है वह कुछ भारतीयों की ही विकृत मानसिकता को प्रदर्शित कर रहा है। संकट है किंतु अगर कुछ भी कर्त्तव्य बोध होता तो हालात बिल्कुल सामान्य ही रहते। अंततः अब सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारियों पर कार्यवाई आरम्भ कर दी है और उसके नतीजे भी सामने आने लगे हैं। ईरान -अमेरिका इजरायल युद्ध अभी काफी लंबा चलने की आशंका है तथा हालात अभी और भी खराब ही हो सकते हैं किन्तु भारत ही एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जिसके लिए होमुर्ज स्ट्रेट का रास्ता खोला गया है। सरकार अपना काम कर रही है किंतु अब समय आ गया है कि भारतीय नागरिक भी अपने कर्तव्य का पालन करें और पैनिक न हों।

# नव संवत्सर 2083 में ब्र्ह्मांडीय सत्ता और ग्र्हों के मंत्रिमंडल में बड़ा फ़ेरबदल, जिसका सीधा प्र्भाव जनजीवन और प्र्कृति पर

नए साल के राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे ब्रह्मांड का मंत्रिमंडल 19 मार्च से प्रभावी होगा नए संवत्सर में राजा की गद्दी देवगुरु बृहस्पति को मिलने जा रही है वहीं, चंद्रमा को तीन मंत्रालय मिलेंगे और मंगल को सिर्फ मंत्री के पद से संतोष करना पड़ेगा, जबकि सूर्य और शुक्र को कोई भी जिम्मेदारी नहीं मिलेगी।

बृहस्पति के राजा बनने और वित्त, कृषि व पेट्रोलियम मंत्रालय की जिम्मेदारी भी मिलने के चलते नये व्यापारिक मार्ग खुलेंगे बारिश तय समय पर होने से फसल अच्छी रहेगी हालांकि साइबर ठगी की घटनाओं का ट्रेंड बदलेगा।

नव वर्ष विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है 19 मार्च 2026 से नव विक्रम संवत्सर 2083 आरंभ होगा साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि भी आरंभ होतीं हैं।

### रौद्र संवत्सर

विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' रहेगा हिंदू ज्योतिष में प्रत्येक वर्ष का एक विशिष्ट नाम होता है, जो उसके संभावित स्वभाव और परिणामों का संकेत देता है इस बार नववर्ष का आरंभ उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगा और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा।

'रौद्र' शब्द का अर्थ तीव्र या उग्र प्रवृत्ति से जुड़ा है इसी आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि वर्ष के दौरान प्राकृतिक, सामाजिक या राजनीतिक स्तर पर उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं यह देश और दुनिया में नरसंहार लेकर आएगा मध्य एशिया में नरसंहार जारी है और अब यह दक्षिण एशिया में भी देखा जाएगा इस दौरान मौसम में भारी बदलाव होगा और किसी बड़े भूकंप के आने या ज्वालामुखी फटने के संकेत भी मिलते हैं।

### रौद्र संवत्सर मंत्रिमंडल

राजा गुरुमंत्री मंगल कृषिमंत्री (सश्येष) गुरुखाद्य मंत्री (धान्येश) बुधजलदाय मंत्री (मेघेश) चंद्रमाउद्योग व खनिज मंत्री (रसेश) शनिपेट्रोलियम मंत्री (नीरसेश) गुरुवन व पर्यावरण मंत्री (फलेश) चंद्रमावित्तमंत्री(धनेश) गुरुगृहमंत्री (दुर्गेश) चंद्रमा।

### भारत पर प्रभाव

ग्रहों की स्थिति और संवत्सर के राजा गुरु और मंत्री मंगल के प्रभाव से भारत में विभिन्न घटनाएं घटित होंगी भारत की राजनीति में बड़े परिवर्तन देखने को मिलेंगे भारत में पाकिस्तानी आतंकवादी हमला होने की संभावना प्रबल है पंजाब, बंगाल, कश्मीर, ओड़िसा और पूर्वोत्तर राज्य में समस्या उत्पन्न हो सकती है।

भारत में जन आंदोलन हो सकता है जो भारत की राजनीति को अस्थिर करेगा किसी घटना-दुर्घटना बड़ी जनहानि होने की संभावना है भारत की सीमाओं पर तनाव बढ़ जाएगा भारत में प्रदूषण अपने चरम पर होगा, मौसम और हवाओं से लोग परेशान रहेंगे।

प्राकृतिक आपदाएं भूकंप, बाढ़,जल प्रलय की घटनाएं बढ़ जाएगी इस साल भारत किसी बड़ी खोज या नई तकनीक से दुनिया का ध्यान खींच सकता है गुरु और मंगल का संयोग कुछ विशेष परिवर्तनकारी घटनाओं का रहेगा, साथ ही गुरु की अतिचारी गति भी बहुत प्रभावित करेगी।

ज्योतिष शास्त्र में इस तरह का संयोग असामान्य परिस्थितियों और तीव्र घटनाक्रमों का घातक माना जाता है इस वर्ष प्रकृति में भी असाधारण हलचल देखने को मिल सकती हैं प्राकृतिक घटनाएं, मौसम में उतार-चढ़ाव और वातावरण में बदलाव लोगों को प्रभावित करेंगे इस वर्ष साइबर अपराधों में वृद्धि होने की संभावना है।

### सतर्क रहने की आवश्यकता

तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा को लेकर लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी वहीं दूसरी ओर समाज में धर्म और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों का विस्तार भी देखने को मिलेगा धार्मिक कार्यों, पूजा-पाठ और आध्यात्मिक चिंतन की ओर लोगों का झुकाव बढ़ेगा। जो व्यक्ति धार्मिक और संयमी जीवन जीते हैं, उनके लिए यह वर्ष विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है सूर्य का प्रकोप अधिक रहेगा, जिससे तापमान में असामान्य वृद्धि हो सकती है इसके बावजूद किसानों के लिए यह वर्ष सकारात्मक परिणाम देने वाला है कृषि क्षेत्र में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि और मेहनत का फल मिलने के योग हैं। परिवर्तन, संघर्ष और आध्यात्मिक उन्नति का वर्ष होगा यह समय संयम, सतर्कता और धर्म के मार्ग पर चलने वालों के लिए उन्नति और सफलता का संदेश लेकर आया है।

### सफलता और चुनौतियों का मिश्रण

राजा बृहस्पति होने के कारण देशभर में आध्यात्मिक उन्नति और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में अकल्पनीय प्रगति होगी विशेषकर कृषि और उत्पादन सेक्टर में रिकॉर्ड सफलता मिलने के योग हैं। हालांकि, मंगल के मंत्री होने से समाज में उग्रता, विवाद और रक्त संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है न्याय के देवता शनि की दृष्टि के कारण खनिज और तेल क्षेत्रों में कुछ प्रतिकूल प्रभाव दिख सकते हैं।

### आर्थिक और वैश्विक प्रभाव

चंद्रमा की स्थिति एक सफल मानसून की ओर संकेत कर रही है, लेकिन बुध के प्रभाव से महंगाई में तेजी आ सकती है सोना और चांदी (स्वर्ण-रजत) की कीमतों में भारी उछाल और उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा सरकारी राजकोष में वृद्धि होगी, लेकिन सुरक्षा और स्वास्थ्य मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### राशियों के लिए शुभ

हिंदू नव वर्ष चार राशियों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है इस साल में गुरु और मंगल के प्रभाव के चलते मेष, वृश्चिक, धनु और मीन वालों को अनुकूल परिणाम मिलेंगे इन राशियों को करियर के क्षेत्र में उन्नति मिलेगा और धन लाभ के भी योग बनेंगे। रोजगार के नए साधन इनको मिल सकता है पदोन्नति और समाजिक स्तर पर आपका मान-सम्मान बढ़ने की भी संभावना है राजनीति के क्षेत्र में हैं तो आपके शुभचिंतकों की संख्या बढ़ेगी पारिवारिक जीवन भी सुखमय रहेगा।

### करें पूजा-पाठ और दान

ग्रहों के अशुभ असर से बचने के लिए हनुमानजी की पूजा करनी चाहिए हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें भगवान शिव और माता दुर्गा की आराधना करनी चाहिए महामृत्युंजय मंत्र और दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए।

**ज्योतिर्विद पं पवन तिवारी**
**संस्थापक अध्यक्ष ज्योतिष सेवा संस्थान**

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

ललित गर्ग

**इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है।**

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा। हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है। निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे। यही वह कसौटी है जिस पर इन चुनावों की सफलता या असफलता का वास्तविक मूल्यांकन किया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

## लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के दिए दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारित करने पर जोर दिया। मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) न्यायालय का निरीक्षण करते हुए लंबित मामलों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। चकबंदी विभाग के निरीक्षण में उन्होंने लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें जल्द निपटाने के निर्देश दिये।नजारत अनुभाग में निरीक्षण के दौरान उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं वाहन चालकों की सर्विस बुक का अवलोकन किया और नामिनी विवरण दर्ज करने के साथ ही अभिलेखों को नियमित अपडेट रखने को कहा।अंग्रेजी



अभिलेखपाल कक्ष में उन्होंने निर्देश दिया कि शासन व अन्य विभागों से प्राप्त डाक को तत्काल संबंधित शाखाओं को प्रेषित किया जाए। भूलेख कक्ष में लंबित पेंशन प्रकरणों और विभागीय कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए मानव सम्पदा पोर्टल पर सभी सूचनाएं अपडेट रखने के निर्देश दिये।

वरिष्ठ लेखा लिपिक अनुभाग में सर्विस बुक का निरीक्षण करते हुए सभी प्रविष्टियां अद्यतन रखने को कहा। संग्रह अनुभाग में आरसी वसूली पंजिका की जांच कर वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नकल के लिए प्राप्त आवेदनों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। आईजीआरएस कक्ष में शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। दैवीय आपदा कक्ष में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह व अजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की समीक्षा, युवा व महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर जोर



कौशाम्बी। मंडलायुक्त /रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने एनआईसी सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यह समीक्षा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्राप्त दावे, आपत्तियों एवं नोटिसों की सुनवाई तथा द्वितीय भ्रमण रिपोर्ट से जुड़े बिंदुओं पर की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि जनपद के जिन मतदेय स्थलों पर सर्वाधिक नामों का परिवर्धन या अपमार्जन हुआ है उनकी जांच ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) द्वारा अनिवार्य रूप से कराई जाए। साथ ही 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नये मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं के अधिकाधिक नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ईआरओ नेट के माध्यम से सुपर चेकिंग हेतु प्राप्त फार्मों की पुनः जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की मतदाता सूची एवं महत्वपूर्ण निर्वाचकों के सत्यापन को भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए, जिससे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो सके। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह व अजेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

- होटल साई दरबार और अराधना गैस एजेंसी पर मुकदमा दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। शासन के निर्देशानुसार, जनपद बांदा में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, भंडारण और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए सभी तहसीलों में जांच टीमें गठित की गई हैं। सदर तहसील के उप जिलाधिकारी नमन मेहता के नेतृत्व में, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, नायब तहसीलदार बांदा और पूर्ति निरीक्षकों की एक संयुक्त टीम ने 15 मार्च 2026 को नगर पालिका परिषद बांदा के अंतर्गत विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट्स और गैस एजेंसियों पर छापेमारी और जांच अभियान चलाया। इस अभियान के तहत साई दरबार रेस्टोरेंट, सारंग होटल, सिग्नेचर रेस्टोरेंट, संकल्प इण्डेन गैस एजेंसी और अराधना इण्डेन गैस एजेंसी प्रमुख रूप से जांच के दायरे में रहे। जांच का मुख्य उद्देश्य आवश्यक वस्तुओं, विशेषकर रसोई गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकना था। जांच के दौरान होटल साई दरबार में व्यापक कमियां पाई गईं। मौके पर कुल 12 गैस सिलेंडर मिले, जिनमें से 3 कमर्शियल और 9 घरेलू श्रेणी के थे। होटल संचालक घरेलू उपभोक्ताओं से सिलेंडर मांगकर व्यावसायिक उपयोग कर रहा था। पूछताछ के बाद, तीन घरेलू गैस कनेक्शनों की पासबुक जब्त की गई जिसमें श्रीमती शोभा देवी, निवासी नोनिया मोहाल बांदा (अराधना इण्डेन गैस सर्विस बांदा) श्रीमती लक्ष्मी देवी, निवासी शम्भू नगर बांदा (शर्मीला इण्डेन गैस सर्विस स्वराज कालोनी रोड बांदा) श्रीमती प्रभा देवी, निवासी ग्राम धाधूराम डेरा (एच.पी. गैस ग्रामीण गैस वितरण ग्राम-मवईबुजुर्ग) रेस्टोरेंट संचालक द्वारा घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना और बिना वैध अनुमति के बड़ी संख्या में सिलेंडरों का भंडारण एल.पी.जी. कंट्रोल अंडर-2000 का उल्लंघन है।

# योगी सरकार का तोहफा, प्रोजेक्ट गंगा से जुड़ेंगीं हर न्याय पंचायत



- डिजिटल क्रांति से बदलेगी गांव की तस्वीर
- बांदा की बेटियों व बहुओं को मिलेगा स्वरोजगार, न्याय पंचायत स्तर पर तैनात होंगे डिजिटल एंटरप्रेन्योर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटल उत्तर प्रदेश के सपने को पंख लगाने के लिए बांदा जिले में डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना (प्रोजेक्ट गंगा) धरातल पर उतरने लगी है। बजट 2026-27 की घोषणा के बाद जिले में न्याय पंचायत स्तर पर डिजिटल उद्यमियों के चयन की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। इस योजना से बांदा के गावों में न केवल इंटरनेट की क्रांति आएगी बल्कि स्थानीय युवाओं और विशेषकर महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

हिंदुजा ग्रुप और राज्य परिवर्तन आयोग के बीच हुए समझौते के बाद ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुँचाने की कवायद शुरू हो गई है।

जिले की न्याय पंचायतों में डिजिटल सेवा प्रदाताओं के चयन के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। ये उद्यमी 3 से 5 गावों के समूहों में नेटवर्क का प्रबंधन करेंगे। वहीं जिलाधिकारी स्तर पर श्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानश जैसी स्वरोजगार योजनाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है ताकि पात्र लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के ऋण और तकनीकी सहायता मिल सके। योजना के तहत बांदा की बेटियों और बहुओं को 50ः आरक्षण देकर योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि डिजिटल क्रांति का नेतृत्व ग्रामीण महिलाएं ही करें। उन्हें अपना सेटअप लगाने के लिए 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

### खेत में रखी सरसों की फसल फूंकी, दो दिन की मेहनत राख

जसपुरा/बांदा। थाना क्षेत्र जसपुरा के महिला डेरा इलाके में बीती रात अज्ञात लोगों ने एक गरीब किसान की सरसों की फसल में आग लगा दी। खेत में ढेर लगाकर रखी पूरी फसल जलकर राख हो गई, जिससे करीब तीन लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। महिला डेरा निवासी जहूरे खां पुत्र नन्नू ने रामौतार सिंह की लगभग 11 बीघा जमीन बटाई पर लेकर सरसों की खेती की थी। हाल ही में उन्होंने कड़ी मेहनत कर दो दिन तक फसल काटकर उसे खेत में ही ढेर बनाकर रखा था। आरोप है कि देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने फसल में आग लगा दी, जिससे देखते ही देखते पूरा ढेर जल गया।सुबह जब जहूरे खां खेत पहुंचे तो उनकी मेहनत राख में तब्दील हो चुकी थी। गरीब किसान के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# शत-प्रतिशत पोषाहार वितरण किया जाये: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्डों में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने आकांक्षीय विकास खण्डों में शतप्रतिशत पोषाहार वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाडी केन्द्र निरन्तर संचालित रहे।



उन्होंने कमासिन विकास खण्ड में संस्थागत प्रसव बढाये जाने तथा कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्भवती एचआरपी महिलाओं का विशेष ध्यान रखने तथा जिन महिलाओं का वजन 45 किलो से कम हो, उनकी सभी एएनसी की जांच समय से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कम वजन वाले बच्चों एवं कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ हेतु एनआरसी सेन्टर में भेजे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास खण्ड कमासिन में टीकाकरण शतप्रतिशत कराये जाने तथा पर्याप्त संख्या में वैक्सीनेटर लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने हाइपरटेंशन एवं डाइबिटीज की जांच भी समय से कराये जाने के निर्देश दिये। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए प्रगति कम पाये जाने पर सम्बन्धित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पोषण टैझकर एप पर सूचना बबेरू में अपलोड न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बालिका शौचालय निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शौचालयों का निर्माण कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। भूगर्भ जल सर्वेक्षण की समीक्षा करते हुए भूगर्भ जल स्तर को सुधार हेतु व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। आईटी एवं इलेक्ट्रानिक के अन्तर्गत नेट कनेक्शन आकांक्षीय विकास खण्डों में उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के निर्माण कार्य में बिसण्डा में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। एनआरएलएम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के एसएलजी कराने हेतु विकास खण्ड बिसण्डा एवं कमासिन के खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी डीआरडीए सहित खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री की फटकार के बाद तुर्रा नाला निर्माण ने पकड़ा जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जलशक्ति राज्य मंत्री के औचक निरीक्षण के बाद, अधिकारियों को लगाई फटकार,तुर्री नाला पुल निर्माण ने पकड़ा जोर। बांदा पैलानी तहसील अंतर्गत सिंधनकला गांव स्थित तुरी नाला पुल पर सेतु निगम द्वारा 15.84 करोड़ की लागत से पांच कोठियों वाला दीर्घ सेतु पुल निर्माण में हीलाहवाली को लेकर बीती शाम सोमवार को जलशक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद ने औचक निरीक्षण किया था ।तथा मौके पर ही निर्माण कार्य में देरी होने पर उच्चाधिकारियों को फटकार लगाई थी ,मंत्री के फटकार के बाद आनन -फानन में सेतु निगम ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य को गुड़वत्ता परक बनाए जाने को लेकर कमर कस लिया है। बता दें कि बाढ़ के समय तुर्री नाला पुल से आवागमन बंद हो जाता था जिससे करीब एक दर्जन गांवों सिंधनकला व इसके मजरे गुरगवां,अदरी,लसडा,बसधरी,पचकौरी,सिंधनखुर्द आदि गांवों के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था वहीं पूर्व में ग्रामीणों ने जलशक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद से मिलकर दीर्घ सेतु पुल निर्माण को लेकर फरियाद किया था वहीं मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर दीर्घ सेतु पुल बनाए जाने को लेकर आग्रह किया वहीं मुख्यमंत्री ने तत्परता दिखाते हुए पुल निर्माण को लेकर हरी झंडी दे दिया अब सेतु निगम निर्माण कार्य में शिथिलता बरत रहा था वहीं मंत्री ने निरीक्षण कर गुणवत्ता युक्त व तत्परता से दीर्घ सेतु पुल निर्माण को लेकर नक्सा देखने के बाद मौके पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर निर्देशित किया।

### क्रांतिवीर पंडित गोपीनाथ दनादन कल्पवृक्ष वाटिका के अंदर गंदगी का अंबार

बांदा। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महा परिषद चित्रकूट धाम मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट द्वारा जिला अधिकारी जे रीभा से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। अपने मांग पत्र में मंगल अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने जिला अधिकारी को बतलाया की कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिवीर पंडित गोपीनाथ दनादन कल्पवृक्ष वाटिका के अंदर लागे नीम वृक्ष से वाटिका के अंदर गंदगी का साम्राज्य कायम रहता है एवं कल्पवृक्ष भी प्रभावित हो रहा है कल्पवृक्ष की सुरक्षा हेतु नीम को हटाकर उसे स्थान पर चांदनी या गुड़हल का वृक्ष लगाया जाए उन्होंने मांग की किस संबंध में प्रभावी वन अधिकारी एवं नाजिद कलेक्ट्रेट को निर्देशित किया जाए जिला अधिकारी महोदय ने तो चरित्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया कि इस कार्य को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

# साड़ी खण्ड 60: केन की मर्यादा तार-तार, अवैध खनन की भरमार

- साड़ी खण्ड 60 खदान में सफ़ेद हाथी साबित हो रहे कायदे और कानून
- दबंगई के बल पर सीमा क्षेत्र से बाहर हो रहा अवैध खनन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जनपद की जीवन दायिनी केन नदी के अस्तित्व पर खतरे के बादल मण्डरा रहे हैं। साड़ी खण्ड 60 की खदान में खनन कारोबारियों द्वारा खुलेआम निमयों की धज्जियां उड़ाते हुए सीमा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जा रहा है। दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा नदी की जलधारा में भारी भरकम मशीनों का तांडव मचाना आम बात हो चुका है। एक पूर्व माननीय की जुगुलबंदी



के इस खदान में आरोप शुरूआज से ही लगते आ रहे हैं। खदान संचाल की पकड़ इतनी मजबूत है कि जनपद के तेज तर्रार पत्रकारों द्वारा फ़ेसबुक लाईव सहित शोशल मीडिया के खबरों ग्राउण्ड जीरो से खबर करने के बाद कोई कार्यवाही नही हो रही है। उधर इस संबंध में जब खनिज अधिकारी से बात करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने काल को ही रिसीव नहीं किया।

बताते चलें कि बांदा जनपद में बालू की लूट के लिए सबसे कुख्यात खदान साड़ी खण्ड 60 मानी जाती है। इस खदान में शुरू से ही सारे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध खनन डंके की चोंट पर किया जा रहा है। केन नदी की जलधारा में भारी-भरकम मशीने दिनरात तांडव करते नजर आती हैं। इसके अलावा सीमा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन करना इस खदान में आम बात जो चुकी है। इस खदान के कार्य को देखने वाले अपने रसूख पर इस कदर इतराते हैं कि वे खुलेआम कहते हैं कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। किसी अधिकारी की इतनी हिम्ममत नहीं कि हमारी खदान की तरफ देख सके। जबकि जनपद के तेरा तर्रार पत्रकारों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को दिखाने के लिए फ़ेसबुकल लाईव सहित मीडिया के गुपों में लगातार साक्ष्यों सहित ग्राउण्ड जीरो से रिपोर्टिंग करने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना खनिज और संबंधित विभाग की मिली भगत को साफ तौर पर दर्शाता है। अब खनिज विभाग और संबंधित विभाग के अधिकारी इस खदान में कब कार्यवाही करते हैं यह तो कोई नहीं बता सकता।

### पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र पर अपमानजनक टिप्पणी पर कार्यवाही की मांग

बांदा। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने जिलाधिकारी बांदा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है,जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी ने कहा है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में समाज विशेष पर अपमानजनक टिप्पणी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाएं, क्योंकि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र में एक विशिष्ट समाज के विरुद्ध अशोभनीय और जातिगत टिप्पणी किया जाना न केवल निन्दनीय है, बल्कि यह प्रश्न-पत्र तैयार करने वाले पैनल की गहरी दुर्भावना और प्रशासनिक अज्ञानता को उजागर करता है।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एक्जिक्यूटिंग यूनिट / जोन: | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Ctg-KHNM-2026 |
| कार्य का विवरण: | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30-03-2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 30-03-2026 at 10:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/ PF-1/ 31ADDL | 30-03-2026 at 10:30 hrs | GMU | |

892/2026 कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- सीडीओ को ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मनरेगा मजदूर एवं ग्राम रोजगार सेवक की मजदूरी को लेकर विकास भवन में कांग्रेसियों द्वारा सरकार विरोधी नारेबाजी एवं धरना देते हुए मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया, इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार है, कांग्रेस शासन में मजदूरों के चतुर्मुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया था लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार ने अपनी कुलथित विचारधारा के चलते नाम को परिवर्तित करने के साथ-साथ उसके स्वरूप को



भी बदल दिया गया, पूर्व में काम करने वाले मजदूर की मजदूरी तत्काल सुलभ कराई जाती थी लेकिन इस सरकार में जनपद ही नहीं वरन पूरे प्रदेश में मनरेगा मजदूरों की मजदूरी एवं संविदा में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवक का बकाया कई करोड़ शेष है, जो कई महीनों से भुगतान नहीं किया गया है, मजदूरों के सामने भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं, गरीब मजदूर जनपद से दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं, तत्काल मनरेगा मजदूरों की मजदूरी दी जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों में उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा रमेश चन्द्र कोरी ने कहा कि ष्जनपद में करीब 8 माह से कई करोड़ों रुपया मनरेगा मजदूरों की मजदूरी एवं ग्राम रोजगार सेवक का भुगतान नहीं किया गया है, प्रशासन द्वारा इस दिशा में किसी प्रकार की कार्रवाई आज तक नहीं की गई है, अविलंब शासन को लिखा जाए और गरीब मजदूरों की मजदूरी मुहैया कराई जाए।ष

इस अवसर पर निम्नलिखित व्यक्ति मौजूद लोगों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, सूरज बाजपेई, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जितेन्द्र गौरव, अमित तिवारी, शोएब रिजवी, जिला सचिव बाबूराम यादव, सीमा बाबी, कालीचरण साहू, अम्बिका प्रसाद खेंगर, भइयालाल पटेल, मीरा धुरिया, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, राजबहादुर गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, सुनील चौरसिया पिप्पी, लालबाबू राजपूत, वीरेन्द्र धुरिया उपस्थित रहे।

# धौरहरा सीएचसी में उमड़ा जनसैलाब, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 276 मरीजों की जांच

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

धौरहरा खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद के धौरहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्चए) परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 276 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में जिला मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश शुक्ला ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अनिद्रा, अवसाद, घबराहट, बेचैनी और आत्महत्या जैसे विचार गंभीर मानसिक बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं, जिनका समय रहते इलाज संभव है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि झाड़-फूंक, टोना-टोटका और ऊपरी चक्कर जैसी मान्यताओं से दूर रहकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। सही इलाज और परामर्श से मानसिक रोगों को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच की गई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मानसिक रोग के 23, बाल रोग के 78, सामान्य रोग के 85, एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) के 31, एएनसी (गर्भवती महिलाओं) के 30, नेत्र रोग के 13 तथा दंत रोग के 11 मरीजों की जांच की गई। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एक्जिक्यूटिंग यूनिट / जोन: | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Ctg-PYGS-2026 |
| कार्य का विवरण: | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28-03-2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 28-03-2026 at 10:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/ PF-1/ 104/NEW | 28-03-2026 at 10:30 hrs | SMU | SC |

891/2026 कृते वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

# महिला की पिटाई के विरोध में थाने पर प्रदर्शन

- कालीचरण अब तक लापता, चौकी इंचार्ज औरंगाबाद निलंबित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैगलगंज खीरी। थाना मैगलगंज क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित मारपीट के विरोध में किसानों और सिख समुदाय के लोगों ने कोतवाली परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। समाचार लिखे जाने तक धरना करीब पांच घंटे से जारी रहा, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि 12 फरवरी की रात से औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के फरिया पिपरिया गांव निवासी कालीचरण लापता हैं। पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन किए जाने के बावजूद अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। इस मामले में मैगलगंज पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी बीच किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि 16 तारीख को औरंगाबाद चौकी पर मुकदमे में नामजद महिला लखविंदर कौर के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस घटना से आक्रोशित होकर विभिन्न किसान संगठनों ने मैगलगंज कोतवाली का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने मैगलगंज इंस्पेक्टर इंद्रजीत पर अभद्रता का आरोप भी लगाया, जिससे माहौल और गरमा गया। हालांकि कुछ वरिष्ठ किसानों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग की मांग के बाद एडिशनल एसपी अमित कुमार राय, मितौली एवं धौरहरा क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। किसान नेताओं ने इंस्पेक्टर मैगलगंज व चौकी इंचार्ज औरंगाबाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।




एडिशनल एसपी ने तत्काल प्रभाव से चौकी इंचार्ज औरंगाबाद सुनील तिवारी को निलंबित किए जाने की घोषणा की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी इंस्पेक्टर मैगलगंज को हटाने की मांग पर अड़े रहे, जिसके चलते देर शाम तक धरना समाप्त नहीं हो सका कोतवाली परिसर में ही लगा लंगर धरना प्रदर्शन के दौरान सिख समुदाय के सैकड़ों लोगों ने कोतवाली परिसर में ही लंगर का आयोजन किया। सुबह लगभग 12 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे और वहीं भोजन-प्रसाद ग्रहण किया गया।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से टिकैत ग्रुप के दिलबाग, किसान यूनियन जल शक्ति से कमलेश, सिख समुदाय के जिला अध्यक्ष पिंदर सिंह सिंधु, अभिषेक यादव, अनिल शुक्ला वाजपेई, जसवीर सिंह सहित कई किसान नेता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# व्यावसायिक गैस की किल्लत से खाद्य दुकानों पर सन्नाटा, समोसा प्रेमी मायूस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी के चलते मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। खासकर समोसा जैसे लोकप्रिय नाश्ते की बिक्री ठप होने से लोगों में निराशा देखी जा रही है जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन सुबह होते ही नगर की मिठाई दुकानों और ठेलों पर समोसा खाने वालों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ती थी। लोग चाय के साथ समोसा खाकर अपने दिन की शुरुआत करते थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने के कारण दुकानों की भट्टियां ठंडी पड़ी हैं दुकानदारों का कहना है कि गैस सिलेंडर न मिलने के कारण वे समोसा समेत अन्य तले हुए खाद्य पदार्थ तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, रोजाना समोसा खाने वाले लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है, ताकि दुकानदारों का काम फिर से सुचारु रूप से शुरू हो सके और आमजन को भी उनकी पसंदीदा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके यदि समय रहते गैस आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो नगर में गैस भट्टी पर तैयार होने वाले अन्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन भी पूरी तरह प्रभावित हो सकता है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# कांशीराम की 92वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। संत रविदास डॉ. बी.आर. अंबेडकर सेवा संस्थान में बहुजन समाज के महान विचारक एवं प्रेरणास्रोत कांशीराम की 92वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के मंत्री रामकुमार गौतम ने कहा कि कांशीराम ने हजारों मील साइकिल चलाकर समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग को जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को संगठित करने और अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। विनोद कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम दूसरे बाबा साहब के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने शोषित समाज को शासक वर्ग बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और हमें उनके त्याग व संघर्ष को कभी नहीं भूलना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. टी.पी. गौतम ने की, जबकि संचालन मंत्री रामकुमार गौतम द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कांशीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक काशीराम, बाबूराम, खूबलाल गौतम, वीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार गौतम, बराती लाल चौधरी, वीरेंद्र देव, राजेश कुमार गौतम समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में संचारी रोगों पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र नाथ ने ञ्लसंचारी रोग दस्तक अभियानङ्क के तहत बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि घर के आसपास जमा पानी को हटाकर मच्छरों के पनपने से रोका जा सकता है। इसके साथ ही सोते समय मच्छरदानी का उपयोग, खिड़कियों पर जालियां लगाना, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना तथा घर में नीम का तेल या कपूर जलाना मच्छरों से बचाव के प्रभावी उपाय हैं शिविर के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए परिसर एवं फार्म की साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने संचारी रोग दस्तक अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर आम नागरिकों को भी स्वच्छता और बचाव के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, सत्यवती गौतम, मनीष भारती तथा ग्राम भूसोरिया के प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दिया उचित स्थान

## नामित सभासदों का भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर प्रदेश सरकार द्वारा भाजपा नेतृत्व में नामित सभासदों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी एवं उनके पति श्री भवानी शंकर माहेश्वरी ने नामित सभासदों का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया सम्मानित किए गए सभासदों में गोविंद कुशवाहा, राजेश सिंह राठौड़ एवं मंजूलता श्रीवास्तव शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर नव-नामित सभासदों का जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरे कार्यालय परिसर में उत्साह और हर्ष का माहौल बना रहा इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने नगर पंचायत मेलानी में मूल एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित स्थान देकर उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही यह मांग रखी थी कि नगर में गठित होने वाली टीम में निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए, जिस पर पार्टी नेतृत्व ने सकारात्मक निर्णय लिया उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं और उनके समर्पण एवं मेहनत के बल पर ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना संगठन की मजबूती का प्रतीक है।



कार्यक्रम में प्रताप सिंह रावत, गुरमीत कौर, नेहा, आसमा बानो, फरहान खान, अजीत सक्सेना, अवधेश मिश्रा, हरिहर दत्त मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, संतोष मनोहर राठौड़, डॉ. कुश जुनेजा, गोपाल श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, अमित शर्मा, मुंशी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गेहूं क्रय केंद्रों पर समस्याओं के समाधान को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डीएम कार्यालय के बाहर मासिक पंचायत आयोजित कर किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि जनपद के सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर समयबद्ध तरीके से खरीद प्रक्रिया शुरू कराई जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों को कागजी कार्रवाई या सत्यापन के नाम पर परेशान न किया जाए उन्होंने आगे बताया कि क्रय केंद्रों पर तौल व्यवस्था (कांटा) पूरी तरह सही और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसानों की उपज की सही तौल सुनिश्चित की जा सके। साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध वसूली और बिचौलियों की भूमिका को पूरी तरह समाप्त किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरे, श्रमिक और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा या विलंब का सामना न करना पड़े इस अवसर पर रेशम सिंह, राहुल वर्मा, अनुराग मिश्रा, सर्वजीत सिंह, संजय सिंह, जगप्रीत संधू सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# गहरी जुताई, दो आंख बीज व ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने पर बढ़ेगी पैदावार वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल गोला क्षेत्र में बसन्तकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को जागरूक करने हेतु ग्राम जटपुरा में एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत खेती तकनीकों के माध्यम से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय बताए गए गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी तथा राष्ट्रीय जैविक कृषि मिशन के संयोजक मनोज दीक्षित सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना प्रजाति को0 0238 रेडरॉट रोग से प्रभावित हो रही है, इसलिए इसकी बुवाई में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने किसानों को उन्नतशील प्रजातियां जैसे को0 0118, 15023, कोलख0 14201 तथा निचले क्षेत्रों के लिए को0 98014 व कोलख0 94184 की बुवाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हरियाणा 119, कोशा0 91269 एवं पीबी0 95 जैसी अनामित एवं अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह दी वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी ने किसानों को गन्ना बुवाई के समय बीज चयन में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए बताया कि बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो-तिहाई हिस्से का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गहरी जुताई करने, दोआंख (दो कली) वाले बीज का प्रयोग करने तथा लगभग 4 फीट की दूरी पर ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है गोष्ठी में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, रोगों से बचाव तथा समय-समय पर आवश्यक देखभाल करने के प्रति जागरूक किया गया। किसानों ने भी कार्यक्रम में रुचि लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।





# संक्षिप्त समाचार

## कुकरा क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल



कुकरा खीरी। माह-ए-रमजान की 27वीं मुकद्दस शब (शब-ए-कद्र) की फजीलत भरी रात में इबादत का सिलसिला अपने चरम पर रहा। कस्बे की प्रमुख मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ के दौरान कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होने पर पूरे क्षेत्र में रूहानी माहौल देखने को मिला सोमवार की रात कुकरा क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों - नूरी मस्जिद, खुशनुमा मस्जिद तथा ताज मस्जिद में कुरआन मुकम्मल (पूर्ण) हुआ। इस मुबारक मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और अल्लाह की बारगाह में सजदा कर इबादत की। मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से सराबोर रहा मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल कराने वाले हुफ़्फ़ाज़-ए-किराम में नूरी मस्जिद में कारी अब्दुल सलाम ने अपनी मधुर और प्रभावशाली आवाज में मुकम्मल कुरआन सुनाया। खुशनुमा मस्जिद में हाफिज अबरार हुसैन सैयद की देखरेख में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल हुआ, जबकि ताज मस्जिद में हाफिज वली मोहम्मद ने अपनी बेहतरीन तिलावत से नमाजियों के दिलों को रौशन किया। कुरआन मुकम्मल होने के बाद मस्जिदों में विशेष दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और खुशहाली की कामना की गई। मस्जिद कमेटियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सभी हुफ़्फ़ाज़-ए-किराम की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान नमाजियों के बीच शीरनी (मिठाई) का वितरण भी किया गया, जिससे माहौल और अधिक उल्लासपूर्ण हो गया।

## धरना-प्रदर्शन की भीड़ बनी हादसे की वजह, सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

मितौली खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद के मैगलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 46 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के पीछे धरना-प्रदर्शन के कारण हुई भीड़भाड़ और अव्यवस्थित यातायात को जिम्मेदार बताया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहजनिया निवासी राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को वह अपनी पत्नी देवकी (46) के साथ बाइक से बरगांवा दवा लेने गए थे। दवा लेकर वापस लौटते समय मैगलगंज कोतवाली के सामने किसान संघ का विशाल धरना-प्रदर्शन चल रहा था, जिसके चलते सड़क पर भारी भीड़ और अव्यवस्था बनी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राकेश कुमार बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का आरोप है कि धरना-प्रदर्शन के दौरान किसान संघ की कई गाड़ियां सड़क पर खड़ी थीं, जिससे रास्ता संकरा हो गया था और यातायात बाधित हो रहा था। इसी अव्यवस्था के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस ने मौके पर शव का पंचनामा भरकर उसे तत्काल पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा, बल्कि पहले शव को घर भेज दिया गया।

# बाघ के हमले में युवक की मौत के बाद उग्र प्रदर्शन, मोहम्मदी-सिकन्द्राबाद हाईवे 3 घंटे जाम

- मुआवजे और बाघ को पकड़ने के आश्वासन पर खुला रास्ता, हजारों यात्री रहे प्रभावित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के महेशपुर वनरेंज क्षेत्र में बाघ के आतंक ने एक और जान ले ली। नंदलालपुर गांव में सोमवार को हुए बाघ के हमले में 30 वर्षीय किसान मनोज कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को मोहम्मदीऽसिकन्द्राबाद हाईवे पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और करीब तीन घंटे तक चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक मनोज कुमार (30) पुत्र गजोधर लाल सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे अपने गन्ने के खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। मनोज की चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे किसान प्रेमचंद, मंजेश कुमार और हरिश्चंद्र मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर किसी तरह उन्हें बाघ के चंगुल से छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल मनोज को डायल 112 की टीम और हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे घटना से आक्रोशित हजारों ग्रामीण, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, लाठी-डंडों के साथ आंबला जंगल सकेथू मोड़ पर एकत्र हो गए। उन्होंने मनोज का शव मोहम्मदीऽसिकन्द्राबाद हाईवे पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि वन विभाग के अधिकारी मौके पर आएं और हमलावर बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके प्रदर्शन के चलते करीब तीन घंटे तक हाईवे पूरी तरह जाम रहा। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही हैदराबाद, मोहम्मदी और गोला थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। गोला के पूर्व विधायक विनय तिवारी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुम्भी राजेंद्र सिंह भदौरिया ने ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।



करीब ढाई घंटे बाद मोहम्मदी रेंज के रेंजर निर्भर प्रताप शाही मौके पर पहुंचे। इसके बाद गोला विधायक अमन गिरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि हमलावर बाघ को शीघ्र ही पकड़ने के लिए विशेष टीम लगाई जाएगी। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपये और वन विभाग से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की घोषणा की। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सुचारू रूप से बहाल हो गया।

मनोज की असामयिक मृत्यु से उनका परिवार गहरे सदमे में है। उनके पिता गजोधर लाल ने बताया कि मनोज उनके तीन बेटों में सबसे छोटे थे। बड़े बेटे महेश और संतराम विवाहित हैं, जबकि मनोज की शादी आगामी 26 अप्रैल को तय थी। 25 अप्रैल को उनका तिलक होना था और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस दर्दनाक घटना ने खुशियों को मातम में बदल दिया मंगलवार शाम को मनोज का अंतिम संस्कार श्मशान घाट पर किया गया, जहां उनके पिता ने मुखाग्नि दी। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त रही। बाघ के लगातार हमलों से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है।

# पढ़ाई में तो अच्छे नंबर नहीं मिले, लेकिन क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए: सूर्यकुमार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है।

मुंबई के रहने वाले सूर्यकुमार स्वाभाविक रूप से अपने इन आंकड़ों से बेहद खुश थे, क्योंकि शिक्षा ग्रहण करते समय वह कभी इतने अधिक नंबर लेकर नहीं आए थे। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 कप्तान का पद संभालने के बाद लगातार सफलता हासिल की। उनकी अगुआई में भारत ने अभी तक जो 52 मैच खेले हैं उनमें से 42 मैच में उसे जीत मिली है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है। सूर्यकुमार के पिता अशोक कुमार यादव भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। लेकिन सूर्यकुमार का कभी पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगा और उनके परिवार ने क्रिकेट में उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरा सहयोग दिया।

### सूर्यकुमार ने अर्शदीप के थ्रो मामले पर मिचेल से माफी मांगी थी

**नयी दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हाल ही में हुए विश्व कप फाइनल के दौरान अर्शदीप सिंह के थ्रो से डेरिल मिचेल को गेंद लगने की घटना के बाद उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर उनसे माफी मांगी थी क्योंकि वह कप्तान के तौर पर मैदान पर सही उदाहरण पेश करना चाहते थे। फाइनल मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप का थ्रो मिचेल के पैड पर लग गया था। इस घटना पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट अंक भी दिया। इस घटना के तुरंत बाद अर्शदीप ने माफी नहीं मांगी, जिस पर मिचेल ने आपत्ति जताई। स्थिति को संभालने के लिए सूर्यकुमार और मैदान पर मौजूद अंपायरों को बीच-बचाव करना पड़ा।

## निर्णायक मोड़: पत्नी के सीधे सरल सवाल ने बदल दिया सूर्यकुमार का करियर

एजेंसी



नयी दिल्ली। उनकी पत्नी के सीधे सरल सवाल ने ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया और अब जबकि सूर्यकुमार यादव विश्व कप विजेता कप्तान बन चुके हैं, तो वे अपनी 'बेहद निश्छल' पत्नी देविशा की जितनी भी प्रशंसा करें वह कम है क्योंकि उन्होंने ही उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यह साल 2018 की बात है जब देविशा ने सूर्यकुमार से एक सरल सवाल पूछा, ''अगर आप भारत के लिए खेलना चाहते हैं, तो आपकी क्या योजना है? उस 'बेहद सादगीपूर्ण बातचीत'' के आठ साल बाद सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। सूर्यकुमार ने पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान उस बातचीत को याद करते हुए कहा, ''हमारी शादी 2016 में हुई थी जब मैं केकेआर के लिए खेल रहा था। सब कुछ बहुत सहजता से आगे बढ़ रहा था। मैं अच्छा खेल रहा था, खेल का आनंद ले रहा था। जब मैं 2018 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ तो वह तब तक के मेरे सफर और दिनचर्या को देखती रही। मुझे लगता है कि इसके बाद हमने चीजों को थोड़ा अलग तरीके से करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, ''उसने (सूर्यकुमार की पत्नी) मुझसे कहा कि आपके साथ आयु वर्ग में खेलने वाले सभी खिलाड़ी अब भारत के लिए खेल रहे हैं। आपके मन में क्या है? मैंने कहा, 'मुझे भी भारत के लिए खेलना है।' उसने पूछा, 'कैसे खेलोगे?'। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पत्नी के साथ उनके करियर को बदलने वाली बातचीत के बारे में कहा, ''वह संक्षिप्त सी बातचीत थी। वह किसी तरह की बहस नहीं बल्कि संक्षिप्त चर्चा थी। लेकिन निश्चित तौर पर यह इस बारे में चर्चा थी कि आप अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। अगर मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं और भारत को जीत दिलाना चाहता हूं, तो मैं यह कैसे कर सकता हूं? एक बार जब अंतिम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने का फैसला कर लिया गया तो उनकी जिंदगी में कुछ चुनौतियां भी सामने आईं लेकिन सूर्यकुमार और देविशा ने एक जोड़े के रूप में उस रास्ते पर चलना शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### केकेआर को बड़ा झटका: घुटने की चोट के कारण आईपीएल के अधिकतर मैचों से बाहर रहेंगे हर्षित राणा

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पिछले महीने हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते हैं। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। राणा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी 'रिहैबिलिटेशन' से गुजर रहे हैं और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। उस अभ्यास मैच में एक ओवर फेंकने के बाद राणा को चोट लग गई थी। उन्हें इसके लिए सर्जरी करानी पड़ी जिससे वह टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया, जिन्होंने इस टूर्नामेंट का केवल एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) खेला था। राणा ने रविवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था। राणा की अनुपस्थिति तीन बार की आईपीएल चैंपियन केकेआर के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी, जो पहले से ही कई खिलाड़ियों की फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना टी20 विश्व कप के दौरान लगी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, जिससे उनका आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध है। भारत और बांग्लादेश के बीच इस साल की शुरुआत में तनावपूर्ण भू-राजनीतिक संबंधों के मद्देनजर बीसीसीआई ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने का निर्देश दिया जिससे केकेआर को इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। फ्रेंचाइजी ने उनके स्थान पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अनुबंधित किया है। मुजरबानी ने आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया था जहां वह इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए खेलने वाले थे। केकेआर की टीम बुधवार से अपना अभ्यास सत्र शुरू करेगी। उसका पहला मैच 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में होगा।

### ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू किया

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों ने ब्रिस्बेन में एक पेशेवर क्लब के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद यह पहला अवसर है जबकि वह सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ए-लीग महिला घरेलू प्रतियोगिता में खेलने वाली टीम ब्रिस्बेन रोर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिनमें ईरान की खिलाड़ी फातिमेह पसंदिदेह और अतेफ़ेह रामेजानीसादेह को क्लब की महिला टीम के साथ दिखाया गया है जिसमें उन्होंने क्लब की जर्सी पहन रखी है और वे मुस्कुरा रही हैं। यह तस्वीर ऐसे समय में सामने आई है जब ईरान की टीम के बाकी सदस्य मलेशिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए आई ईरान की फुटबॉल टीम की सभी सदस्यों को मानवीय आधार पर वीजा देने की पेशकश की थी। शुरुआत में सात महिलाओं ने शरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में पांच ने अपना मन बदल दिया था। ब्रिस्बेन रोर ने ''फातिमेह और अतेफ़ेह'' का स्वागत करते हुए इंस्टाग्राम पर एक शेरनी का इमोजी पोस्ट किया। ब्रिस्बेन रोर के सीईओ काज़ पटाफ्ता ने लिखा, ''हम उन्हें अच्छा माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपने खेल को नए स्तर पर पहुंचा सकें। ईरान की दोनों महिला खिलाड़ियों ने इस पोस्ट पर कमेंट किया है। रामेजानीसादेह ने लिखा, ''हर चीज के लिए धन्यवाद। क्लब ने इस मामले पर आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और सभी सवालों के जवाब के लिए ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्रालय से संपर्क करने को कहा।

### रेनो की 'डस्टर' नए अवतार में वापस लौटी कीमत 10.49 लाख रुपये से शुरू

**नयी दिल्ली।** फ्रांसीसी वाहन विनिर्माता रेनो ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मध्यम आकार की एसयूवी 'डस्टर' के पूरी तरह नए अवतार को 10.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। रेनो के पूर्ण-स्वामित्व वाली भारतीय इकाई रेनो इंडिया ने यहां एक कार्यक्रम में नई डस्टर के टर्बो पेट्रोल संस्करण को बिक्री के लिए जारी करते हुए कहा कि देशभर में इसकी डिलिवरी अब शुरू हो गई है। कंपनी ने एकदम नए रंग-रूप एवं प्लेटफॉर्म के साथ तैयार नई डस्टर की पहली झलक 26 जनवरी को चेन्नई में दिखाई थी। इसके हाइब्रिड संस्करण की आपूर्ति इस साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। आधुनिक तकनीकी खूबियों एवं आरामदायक सुविधाओं से लैस इस एसयूवी को कंपनी ने अपने नए प्लेटफॉर्म आरजीएमपी पर तैयार किया है और इसे भारतीय सड़कों की मांग के अनुरूप डिजाइन किया गया है। नई डस्टर में टर्बो टीसीई 1.0 लीटर और 1.6 लीटर वाले दो इंजन विकल्प उपलब्ध हैं। इसे मैनुअल ट्रांसमिशन के अलावा डीसीटी ट्रांसमिशन के साथ भी पेश किया गया है। पांच संस्करणों में उपलब्ध इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपये रखी गई है। हालांकि, 31 मार्च तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को यह संस्करण 10.29 लाख रुपये की शोरूम कीमत पर ही मिल जाएगा। रेनो ने इस एसयूवी को फुल एलईडी लाइटिंग, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, एडास फीचर और 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर के साथ पेश किया है। कंपनी ने इस पर सात साल की वारंटी की भी घोषणा की है। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने इस मौके पर संवाददाताओं से कहा, नई डस्टर भारतीय ग्राहकों की उम्मीदों के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन, टिकाऊपन और रोजमर्रा की उपयोगिता वाली खूबियों से लैस है।

### ओलंपिक 2028 में चार दिन पहले शुरू हो जाएंगे फुटबॉल के मैच

लॉस एंजिलिस। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 1994 का पुरुष विश्व कप का फाइनल, 1999 का महिला विश्व कप का फाइनल और 1984 के ओलंपिक खेलों का स्वर्ण पदक का मैच आयोजित किया गया था।

## टेस्ट क्रिकेट मेरा पसंदीदा प्रारूप, महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच होने चाहिये : प्रतिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारूप बताया है। प्रतिका ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट की दूसरी पारी में 63 रन बनाकर भारत को पारी की हार से बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) की मेजबानी में आयोजित भारतीय खेल पत्रकार संघ (एसजेएफआई) के सम्मेलन से इतर प्रतिका ने सवाल पर कहा, टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारूप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे कि इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन



करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारूप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारूप के लिए तैयार किया है। प्रतिका ने कहा, मैंने इन महान बल्लेबाजों के कई वीडियो देखे हैं। टेस्ट क्रिकेट में जिस तरह वे खेलते थे, वह हमेशा प्रेरित करता रहा है। महिला टेस्ट मैचों की संख्या बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जितने अधिक टेस्ट मैच होंगे, उतना बेहतर होगा। उनके अनुसार टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव खिलाड़ी को न केवल बेहतर बनाता है, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी उसे परिपक्व करता है। एसजेएफआई के इस चार दिवसीय स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार समारोह में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने प्रतिका को 51 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। वहीं विश्व कप विजेता भारतीय अंडर-19 पुरुष टीम के सदस्य उद्धव मोहन को 11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। पच्चीस साल की दाएं हाथ की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतिका ने कहा कि खिलाड़ियों को मिलने वाली पहचान उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा, मैं बेहद खुश हूं। खिलाड़ियों को समय-समय पर इस तरह की पहचान मिलना वास्तव में शानदार है। मैंने दिल्ली से काफी क्रिकेट खेला है और यहां आकर रोहन सर से पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। पिछले साल महिला विश्व कप में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने से पहले प्रतिका ने सात मैचों की छह पारियों में एक शतक की मदद से 308 रन बनाए थे और वह टूर्नामेंट की सर्वोच्च स्कोररों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। भारत के लिए 27 वनडे में दो शतक और आठ अर्धशतक की मदद से 1189 रन बनाने वाली प्रतिका ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक पुरस्कार समारोह 'नमन पुरस्कार 2026' को भी खास अनुभव बताया। उन्होंने कहा, यह बीसीसीआई के साथ मेरा पहला पुरस्कार था और पूरी शाम बेहद शानदार रही। इस तरह की पहचान खिलाड़ियों को प्रेरित करती है।

### विश्व कप से पहले मैत्री मैचों के लिए नेमार ब्राजील की फुटबॉल टीम से बाहर

रियो डी जनेरियो। स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ब्राजील 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ और चार दिन बाद ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को कहा, ''यह एक ऐसी टीम है जिसमें उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जो पूरी तरह से फिट हैं। ब्राजीली लीग में सैंटोस और कोरिनथियंस के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में नेमार का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। नेमार ने साओ पाउलो में एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की टीम में शामिल न होने से वह ''दुखी और निराश'' हैं लेकिन उन्हें अभी उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे।

## ट्रंप और अमेरिकी अधिकारियों को प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है वाडा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। यह सुनने में भले अजीब सा लगे लेकिन विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी (वाडा) एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं। यह लड़ाई ट्रंप की मर्जी से नहीं लड़ी जा रही है, बल्कि खुद वाडा इसमें अहम भूमिका निभा रहा है जो पिछले एक दशक में अधिकतर समय ट्रंप और बाइडेन प्रशासन तथा अमेरिका की डोपिंग रोधी एजेंसी के रवैए से खुश नहीं है। यह प्रस्ताव मंगलवार को वाडा की कार्यकारी समिति की बैठक के एजेंडे में शामिल है जो इन सभी पक्षों के बीच वर्षों से चल रही बयानबाजी, चेतावनी और संघर्ष में नवीनतम और सबसे चरम कदम है। इसका मूल आधार अमेरिकी सरकार का वाडा के वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं करना है। अमेरिका ने 2024 और 2025 के दौरान वाडा के कई मामलों से निपटने के तरीके के विरोध में कुल 73 लाख डॉलर का भुगतान रोक रखा है। इनमें सबसे ताजा मामला चीनी तैराकों से जुड़ा है जिन्हें प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बावजूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। वाडा ने चीन की संबंधित संस्थाओं की इस बात पर भरोसा किया कि खिलाड़ियों ने गलती से यह पदार्थ ले लिए थे। वाडा के प्रवक्ता जेम्स फिट्जगेराल्ड ने कहा कि यदि यह नियम पारित हो जाता है, तो इसे ''पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जाएगा, इसलिए विश्व कप, लॉस एंजिलिस ओलंपिक और साउथ कैरोलिना में होने वाले शीतकालीन खेल इसके दायरे में नहीं आएंगे। एसोसिएटेड प्रेस के पास इस प्रस्ताव की एक प्रति है जिसमें इस आशय का कोई उल्लेख नहीं है। वाडा को ट्रंप पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार किसने दिया? ओलंपिक और विश्व कप जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टीमें भेजने के लिए इसमें शामिल सभी लोगों को वाडा के नियमों का पालन करने की शपथ लेनी होती है। फिर चाहे वे नियम सीधे डोपिंग से संबंधित हों या प्रशासनिक मुद्दों से, जैसा कि इस प्रस्ताव में है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के साथ हुए समझौते के तहत सरकारों को वाडा के नियमों का पालन करना होता है।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,471 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) को करीब 2,471 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी बयान के अनुसार, इन ठेकों में देश में एक भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना भी शामिल है जिसे संयुक्त उद्यम/संघ के माध्यम से हासिल किया गया है। इसके अलावा कंपनी को विद्युत पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) क्षेत्र में देश एवं विदेश दोनों बाजारों से परियोजनाएं मिली हैं। साथ ही भारत में भवन व कारखाना (बीएंडएफ) क्षेत्र में भी ठेके मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा,'' इन ठकों से हमारी ऑर्डर बुक और मजबूत हुई है जो विद्युत पारेषण एवं वितरण, शहरी अवसंरचना और भवन व कारखाना व्यवसाय में तेजी को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक कंपनी को करीब 22,000 करोड़ रुपये के ठके मिल चुके हैं।

## भारत मजबूत प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में उभरा है : नैसकॉम अध्यक्ष

नयी दिल्ली। नैसकॉम के अध्यक्ष राजेश नांबियार ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं एवं खंडित आपूर्ति शृंखलाओं के कारण वैश्विक कंपनियां अब केवल लागत दक्षता के बजाय भरोसे तथा मजबूती को प्राथमिकता दे रही हैं जिससे भारत एक मजबूत प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में उभर रहा है। 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2026' में नांबियार ने कहा कि निर्यात पर काफी हद तक निर्भर प्रौद्योगिकी उद्योग असाधारण बदलाव के दौर से गुजर रहा है और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के पुनर्गठन ने देशों एवं कंपनियों के प्रौद्योगिकी साझेदारी के तरीके को मूल रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा, '' पहले सभी केवल लागत एवं दक्षता को ही प्राथमिकता देते थे३ अब वह दौर खत्म हो चुका है। दक्षता महत्वपूर्ण है लेकिन यह निर्णायक कारक नहीं है। मजबूती अब कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इन सभी प्राथमिकताओं के बीच भारत एक उपयुक्त स्थिति में है जो इसे कारोबार के लिए एक बेहद सक्षम देश बनाता है। नांबियार ने कहा कि दुनिया भर के देश और कंपनियां अब यह मूल प्रश्न पूछ रही हैं कि उनका भरोसेमंद साझेदार कौन होगा और किस देश के साथ वे दीर्घकालिक साझेदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक ''विश्वसनीय लोकतंत्र'' होने के साथ-साथ अपने विशाल आकार और विविध जनसंख्या के कारण नवाचार के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला भी है। भारत की ताकत का एक प्रमुख आधार उसका डिजिटल प्रतिभा भंडार है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लगभग 60 लाख पेशेवर और व्यापक उद्योग में अतिरिक्त 30-40 लाख लोग शामिल हैं। यह परिवेश अब कृत्रिम मेधा (एआई), मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर, उत्पाद अभियांत्रिकी एवं साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विकसित हो रहा है।

## कास्परस्की भारत में निवेश दोगुना करेगी देश को क्षेत्रीय केंद्र बनाने की योजना

नयी दिल्ली। वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कास्पर्स्की ने भारत में अपने निवेश को दोगुना करने की योजना बनाई है। कंपनी का कहना है कि मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बाद वह भारत को क्षेत्रीय सेवाओं के केंद्र (हब) के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है। कास्पर्स्की के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रबंध निदेशक एड्रियन हिया ने साक्षात्कार में बताया कि कंपनी भारत में विपणन, व्यापार विकास और 'क्लाउड ऑपरेशन' को स्थापित करने की योजना बना रही है, ताकि स्थानीय एवं क्षेत्रीय ग्राहकों को सेवाएं दी जा सकें। उन्होंने कहा कि 2024 में मजबूत दो अंकों की वृद्धि के बाद 2025 के वित्त परिणाम (जो अप्रैल में जारी होंगे) और भी बेहतर रहने की उम्मीद है। हिया ने कहा, '' हम न केवल कर्मचारियों एवं कार्यालयों में निवेश बढ़ाएंगे बल्कि भारत को क्षेत्रीय स्तर पर विपणन, व्यापार विकास और क्लाउड सेवाओं का केंद्र बनाने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही संकेत दिया कि यदि भारत में क्षेत्रीय ग्राहकों के लिए डेटा सेंटर स्थापित किया जाता है तो भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साइबर खतरों को लेकर हिया ने आगाह किया कि 2026 में साइबर हमले और बढ़ सकते हैं। 2025 में भारत में कंपनी ने 4.7 करोड़ से अधिक वेब-आधारित खतरों को रोका था। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरण की आसान उपलब्धता के कारण 'डीपफ़ेक' जैसे खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं और अब '' एआई से लड़ने के लिए एआई का उपयोग'' करना जरूरी हो गया है।

## देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज पहले सत्र के कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मंगलवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 2,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,240 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,410 रुपये से लेकर 1,57,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22



कैरेट सोना आज 1,44,290 रुपये से लेकर 1,44,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,69,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धर्म नगरी काशी में आदिशक्ति के गौरी स्वरूप का पूजन, शुरूआत मुख्य निर्मालिका गौरी के दर्शन से

- वासंतिक चैत्र नवरात्र
- इस बार माता रानी का आगमन पालकी से, मान्यता है कि इन्हीं नौ दिन में सृष्टि का सृजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में आदिशक्ति की आराधना के महापर्व वासंतिक चैत्र नवरात्र को लेकर सनातनी श्रद्धालुओं में अभी से आस्था और उल्लास दिखने लगा है। सनातनी घरों से लेकर देवी मंदिरों में महापर्व की तैयारियां साफ सफाई, सजावट का कार्य अन्तिम दौर में है। शक्ति आराधना के महापर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है। धर्म नगरी में चैत्र नवरात्र में आदिशक्ति के गौरी स्वरूप के पूजन का विधान है। महापर्व के नौ दिनों में श्रद्धालु गौरी स्वरूप के साथ नवदुर्गा के विविध स्वरूप के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। शुरूआत पहले दिन गायघाट स्थित मुखनिर्मालिका गौरी और अलईपुर स्थित मां शैलपुत्री के दरबार में दर्शन पूजन से होती है। युवा ज्योतिषविद आचार्य रविन्द्र तिवारी बताते हैं कि इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो रहा है। सुबह 6.52 बजे से प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है। ऐसे में कलश स्थापना का शुभ समय सुबह 6.52 बजे से 7.53 बजे तक रहेगा। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.5 बजे 12.53 बजे के बीच है। इस समय भी श्रद्धालु कलश स्थापना कर सकते हैं। चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। ऐसे में चैत्र नवरात्र पूरे नौ दिनों की होगी। रविन्द्र तिवारी बताते हैं कि इस बार आदिशक्ति का आगमन पालकी से हो रहा है। माता का पालकी से आना संघर्ष और अस्थिरता का संकेत है। वहीं, माता का प्रस्थान गज (हाथी) पर माना जा रहा है। गज (हाथी) पर प्रस्थान देश की समृद्धि, स्थिरता और सुख का प्रतीक माना जाता है। देवी महापुराण में लिखा गया है कि अगर नवरात्र का आरंभ रविवार या सोमवार को होता है तब माता का वाहन हाथी होता है। शनिवार और मंगलवार के दिन जब भी मां जगदम्बा आगमन करती हैं तब माता का वाहन घोड़ा होता है। गुरुवार और शुक्रवार से नवरात्र का आरंभ होने से मां दुर्गा का आगमन डोली (पालकी) से होता है। बुधवार के दिन नवरात्र का आरंभ जब होता है तो मां दुर्गा का आगमन नाव पर होता है।

### वाराणसी में नौ गौरी मंदिर

- मुखनिर्मालिका गौरी गाय घाट स्थित हनुमानजी मंदिर
- ज्येष्ठा गौरी मैदागिन के निकट सप्त सागर मोहल्ले में
- सौभाग्य गौरी विश्वनाथ मंदिर में स्थित
- ज्ञानवापी मस्जिद के पीछे स्थित श्रृंगार गौरी
- विशालाक्षी गौरी मीर घाट पर स्थित
- ललिता गौरी ललिता घाट पर
- भवानी गौरी, अन्नपूर्णा देवी के परिसर से सटे राम मंदिर में
- मंगला गौरी पंचगंगा घाट
- महालक्ष्मी गौरी लक्ष्मी कुंड

## गोरखपुर में भाजपा नेता की हत्या, भीड़ ने किया सोनौली मार्ग जाम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 14 बरगदवा में भाजपा नेता राजकुमार चौहान की मंगलवार सुबह गोली और चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पीड़ित परिवार और समर्थकों ने सोनौली मार्ग जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासा करने के आश्वासन देकर परिवार को शांत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि भाजपा नेता राजकुमार चौहान मंगलवार को जब वे सुबह की सैर पर निकले थे, तो चार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जान बचाने के लिए गंभीर रूप से घायल राजकुमार चौहान करीब सौ मीटर तक भागे, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया और फिर से उन पर वार किया। लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा कर दोबारा हमला बोल दिया। बदमाशों ने उनके सीने, सिर और हाथ पर वार किए। हमले के बाद हमलावर वहां कुछ समय रुके और जब उन्हें लगा कि भाजपा नेता की मौत हो गई है, तब वे भाग निकले। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमलावर अपनी गाड़ी कुछ दूरी पर खड़ी कर पैदल घटनास्थल तक पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलते ही लगभग दो सौ लोग इकट्ठा हो गए और सड़क जाम कर हंगामा करने लगे। पुलिस लोगों को समझाने में जुटी रही। इसके बाद कई थानों की फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एडीजी और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने शीघ्र खुलासे के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसएसपी ने बताया कि मृतक के परिजनों से लगातार संपर्क में हैं।

# दुनिया को भारतीय न्याय व्यवस्था की खासियत दिखाएगी नालसा-सालसा की पहल

- मां विंध्यवासिनी के आशीर्वाद के साथ न्याय और अधिकारों की जानकारी भी लेकर जाएंगे श्रद्धालु
- आस्था के मेले में अधिकारों के पहरेदार, 'अधिकार मित्र' बनेंगे कानूनी मददगार
- 19 से 26 मार्च तक चलेगा विशेष विधिक सेवा शिविर, जनपद न्यायाधीश करेंगे उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। आस्था, अध्यात्म और संस्कृति के संगम विंध्याचल धाम में चैत्र नवरात्र के दौरान इस बार एक नई पहल देखने को मिलेगी। जहां लाखों श्रद्धालु मां के दरबार में आशीर्वाद लेने आते हैं, वहीं अब उन्हें न्याय और अधिकारों की जानकारी भी मिलेगी। नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नालसा) और उत्तर प्रदेश स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (सालसा) के निर्देश पर विधिक सेवा शिविर लगाकर आस्था के इस महाकुंभ को न्यायिक जागरूकता से जोड़ने की पहल की जा रही है। सनातन परंपरा में आस्था और सेवा दोनों को समान महत्व दिया गया है। जगविख्यात मां विंध्यवासिनी दरबार में इस बार नवरात्र में न्याय और अधिकारों की जागरूकता का नया अध्याय भी जुड़ रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 19 मार्च से 26 मार्च 2026 तक विंध्याचल क्षेत्र में विशेष विधिक सेवा शिविर आयोजित होगा। यह शिविर पुरानी वीआईपी रोड स्थित नगर पालिका परिषद के नलकूप/जलकल परिसर में स्थापित किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी। शिविर का उद्घाटन 18 मार्च को शाम 6 बजे जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा-द्वितीय करेंगे। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और पैरालीगल वालंटियर (अधिकार मित्र) श्रद्धालुओं की सहायता के लिए मौजूद रहेंगे। इस पूरे अभियान की सबसे खास कड़ी होंगे 'अधिकार मित्र' यानी पैरालीगल वालंटियर, जो मेले के दौरान श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें तुरंत सहायता दिलाने का काम करेंगे। नवरात्र मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को विधिक अधिकारों, सरकारी योजनाओं और न्यायिक सहायता से जुड़ी जानकारी पंपलेट और संवाद के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए अधिकार मित्रों को विंध्याचल मंदिर परिसर, काली खोह, अष्टभुजा और मां तारा मंदिर, रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। यदि किसी श्रद्धालु या नागरिक को किसी प्रकार की विधिक समस्या का सामना करना पड़ता है तो वे सीधे अधिकार मित्रों से संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। शिविर में मौजूद न्यायिक अधिकारी उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का प्रयास करेंगे। यह शिविर पूरे नवरात्र मेले के दौरान 24 घंटे सक्रिय रहेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव पल्लवी सिंह ने बताया कि भक्ति, विश्वास और सनातन परंपरा के वैश्विक केंद्र विंध्याचल धाम में चैत्र नवरात्र का मेला इस बार एक नई सामाजिक पहल का साक्षी बनेगा। यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि कानूनी सहायता भी मिलेगी। सनातन आस्था के इस महापर्व में 'अधिकार मित्र' केवल कानूनी मददगार नहीं, बल्कि न्याय और सेवा की उस भावना के प्रतीक बनेंगे, जो भारतीय संस्कृति की आत्मा है। विंध्याचल में शुरू हो रही यह पहल दुनिया को यह संदेश दे रही है कि भारत में आस्था के साथ-साथ न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नालसा और सालसा की यह पहल न केवल श्रद्धालुओं को राहत देगी, बल्कि यह भी दिखाएगी कि भारत की न्याय व्यवस्था समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# मंदिरों के आस-पास गैर हिंदुओं की गतिविधि पर संगठन की कड़ी चेतावनी

कानपुर। नवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल से मुलाकात कर मंदिरों के आस-पास दुकानों और व्यवसायों को नियंत्रित करने की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में कुछ गैर-हिंदू समुदाय के लोग मंदिरों के आसपास दुकानें लगाकर श्रद्धालुओं के लिए परेशानी पैदा करते हैं और महिलाओं व युवतियों के सम्पर्क बढ़ाने की कोशिश करते हैं। पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को लिखित मांग पत्र सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से यह अनुरोध किया गया कि माता तपेश्वरी, बिठलनाथ, आशा देवी और बारा देवी जैसे प्रमुख मंदिरों के आसपास किसी भी गैर-हिंदू द्वारा दुकानें न लगाई जाएं। संगठन ने कहा कि इससे मंदिरों में आने वाले भक्तों की सुरक्षा और पूजा की शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी। प्रांत अध्यक्ष राजीव महाना ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना है। किसी भी समुदाय द्वारा मंदिर परिसर में गलत उद्देश्य से हस्तक्षेप करना स्वीकार्य नहीं है। प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों में आने वाली महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि मंदिरों के आसपास कोई अनियंत्रित व्यवसाय न चलाए। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर मंदिरों के आसपास गैर-हिंदू समुदाय द्वारा दुकानें लगाई गईं, तो यह न केवल भक्तों की आस्था पर असर डालेगा बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चिंता का विषय होगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से थाने स्तर पर सख्त दिशा-निर्देश जारी करने और सभी मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और पूजा की शांति बनाए रखने के लिए पूरी कार्रवाई करेगा।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# मनरेगा मजदूरी व मानदेय भुगतान को लेकर कांग्रेस का धरना, सरकार पर श्रमिकों की अनदेखी का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




जौनपुर। यूपी के जौनपुर में केंद्र व यूपी सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा मजदूरों की बकाया दिहाड़ी और संविदा कर्मियों के लंबित मानदेय को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विकास भवन में धरना दिया गया और सरकार से तत्काल भुगतान की मांग उठाई गई। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में पिछले कई महीनों से मनरेगा मजदूरों को उनके श्रम का भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही, मनरेगा कार्यों में लगे लगभग 40 हजार रोजगार सेवकों और संविदा कर्मियों को बीते आठ महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर मजदूरों का हक मारने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है, जबकि गरीब और मजदूर वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। शहर कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि ड्डडबल इंजनङ्क सरकार मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को सौंपा।इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यवीर सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया।

## वाराणसी में आदिविशेश्वर की गलियों में चला एक दिन एक मोहल्ला सफाई अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। वाराणसी के शहर दक्षिणी में विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने एक दिन एक मोहल्ला सफाई अभियान आरंभ किया है। मंगलवार को वाराणसी के दक्षिणी विधानसभा में वार्ड आदिविशेश्वर की गलियों में सफाई अभियान के अंतर्गत सेवा सदन हॉस्पिटल वाली गली, रामप्यारी रस्तोगी विद्यालय वाली गली, भार्गव कटरा की गली, धोबीयाना गली व घुघरानी गली में विशेष सफाई अभियान चलाकर गली में पड़े पुराने डंप कूड़ा, मिट्टी मलबा को हटाया गया। गलियों को पानी से धोया गया और झाड़ू से साफ किया गया। वाराणसी में आदिविशेश्वर वार्ड के पार्षद इंद्रेश कुमार ने बताया कि नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को गलियों को चमकाया है और इसके लिए उन सभी का हार्दिक आभार है। आज उनके वार्ड में चलाए गए स्वच्छता अभियान से डंप पड़े कूड़े के ढेर को हटा दिया गया है। हॉस्पिटल वाली गली से भी कूड़ा हटाया गया है। गली में रहने वाले लोग बेहद प्रसन्न हैं। काशी की गलियों को सुंदर बनाए रखने के लिए विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी की पहल एक दिन एक मोहल्ला सार्थक सिद्ध होगी। पार्षद होने के नाते वह स्वयं भी प्रतिदिन स्वच्छता के कार्य पर ध्यान रखते हैं।

## डीएम ने मरीजों से संवाद कर परखी व्यवस्थाएं, दवा उपलब्धता व बेहतर उपचार पर जताया संतोष



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला अस्पताल (महिला) एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी तथा विभिन्न वार्डों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकांश मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से ही दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उपचार संतोषजनक ढंग से मिल रहा है। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्था एवं अनुशासन को और बेहतर बनाया जाए, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। विशेष रूप से राजकीय मेडिकल कॉलेज में साफ-सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें।

# एचडीएफसी बैंक ने 'स्माइल फाउंडेशन' के साथ मिलकर बरेली में 'परिवर्तन स्किलिंग सेंटर' शुरू किया

- बीएफएसआई व रिटेल सेक्टर में युवाओं की रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देने की पहल
- वंचित समुदायों के 850 युवाओं को 30 महीने के अवधि में दी जाएगी ट्रेनिंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




बरेली। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने 'स्माइल फाउंडेशन' के सहयोग से अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत उत्तर प्रदेश के बरेली में अपने 'परिवर्तन स्किलिंग सेंटर' को शुरू करने की घोषणा की है।

यह स्किलिंग सेंटर 30 महीनों की अवधि में वंचित समुदायों के 850 युवाओं को ट्रेनिंग देगा, जिसमें बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा (बीएफएसआई) और रिटेल सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस पहल को स्माइल फाउंडेशन के 'स्किलिंग और रोज़गार क्षमता' कार्यक्रम के तहत लागू किया जाएगा। इस कार्यक्रम को आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों के युवाओं के लिए ट्रेनिंग से लेकर स्थायी रोज़गार तक पहुँचने के व्यवस्थित रास्ते बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले राज्यों में से एक है, जहाँ 18 से 30 साल के ग्रेजुएट और स्कूल छोड़ने वाले युवाओं का एक बड़ा हिस्सा कौशल-आधारित रोज़गार की तलाश में है। यह केंद्र प्रशिक्षण को उद्योग की ज़रूरतों के हिसाब से ढालकर, आकांक्षा और अवसर के बीच के अंतर को दूर करता है। यह युवाओं को औपचारिक क्षेत्र की भूमिकाओं के लिए तैयार करता है, जिससे उन्हें बड़े शहरों (मेट्रो सिटी) में पलायन करने की ज़रूरत कम हो जाती है। एक व्यवस्थित, बहु-वर्षीय सुविधा के रूप में परिकल्पित, इस केंद्र का प्रबंधन शुरू से अंत तक 'स्माइल फाउंडेशन' द्वारा किया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण देना, संचालन और नौकरी मिलने के बाद की निगरानी (पोस्ट-प्लेसमेंट ट्रैकिंग) शामिल होगी। इस मॉडल को प्रशिक्षण की गुणवत्ता में एकरूपता सुनिश्चित करने और कौशल विकास तथा रोज़गार के परिणामों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। परियोजना की अवधि के दौरान, प्रशिक्षित उम्मीदवारों में से कम से कम 70 प्रतिशत को बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा) और खुदरा (रिटेल) क्षेत्रों में शुरुआती स्तर की भूमिकाओं में नौकरी दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में क्षेत्र-विशेष की तकनीकी दक्षताओं के साथ-साथ ज़रूरी 'सॉफ्ट स्किल्स' को भी शामिल किया गया है। इनमें संचार, ग्राहकों से बातचीत, कार्यस्थल पर व्यवहार और आत्मविश्वास बढ़ाना शामिल है। नौकरी मिलने के बाद व्यवस्थित निगरानी और मार्गदर्शन से नौकरी में बने रहने और करियर में शुरुआती प्रगति में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित करेगा कि यह पहल केवल अल्पकालिक कौशल विकास तक ही सीमित न रहे, बल्कि इससे आजीविका के अधिक स्थायी परिणाम भी मिलें। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने कहा, ''परिवर्तन के माध्यम से हमारा ध्यान कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार के बीच के जुड़ाव को मज़बूत करके, आजीविका के सार्थक और स्थायी अवसर प्रदान करने पर है। बरेली शहर एक ऐसे समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है जहाँ बड़ी संख्या में ऐसे महत्वाकांक्षी युवा हैं, जिनमें सेवा क्षेत्र में सफल होने की योग्यता और प्रेरणा मौजूद है। हम प्रशिक्षण को उद्योग की ज़रूरतों के हिसाब से ढालकर और नौकरी दिलाने में सहायता प्रदान करके इस अंतर को दूर करते हैं। 'स्माइल फाउंडेशन' के सह-संस्थापक और कार्यकारी ट्रस्टी श्री शांतनु मिश्रा ने कहा, ''भारत का 'जनसांख्यिकीय लाभांश' (डेमोग्राफिक डिविडेंड) इसकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। हालाँकि, इसकी पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए युवाओं को प्रासंगिक कौशल और अवसर प्रदान करने हेतु केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। 'परिवर्तन स्किल अकादमी' वंचित समुदायों के युवाओं को आत्मविश्वास से भरपूर, कुशल और रोज़गार योग्य बनाने की दिशा में एक कदम है। यह न केवल उनकी अपनी प्रगति बल्कि राष्ट्र के विकास में भी योगदान देगा। स्माइल फाउंडेशन को युवाओं के सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका के अवसरों का विस्तार करने के इस प्रयास में एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी ज़िलों के लिए एक क्षेत्रीय केंद्र के तौर पर बरेली की भूमिका इसे केंद्र के लिए एक रणनीतिक स्थान बनाती है, जहाँ शहर और आस-पास के इलाकों में योग्य युवाओं का एक बड़ा समूह उपलब्ध है। एचडीएफसी बैंक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने, एसेट खरीदने, स्टाफ रखने और प्रोग्राम के संचालन का काम देखेगा जिससे एचडीएफसी बैंक के सीएसआर लक्ष्यों,आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने और समावेशी विकास को सीधे तौर पर मदद मिलेगी।